तापमान
अधिकतम 28.4 डिग्री
न्यूनतम 11.0 डिग्री

हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, मंगलवार 30 दिसंबर 2025

बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया



एसबीआर कॉलेज के पास नाले पर बने चैम्बर का निर्माण कार्य जारी

## खबर संक्षेप

### तीन महीने बाद एमआईसी की बैठक आज

**बिलासपुर।** नगर निगम की एमआईसी की बैठक तीन महीने बाद होने जा रही है। यह बैठक मंगलवार की दोपहर तीन बजे विकास भवन के सृष्टि सभा कक्ष में होगी। बैठक में कुल 32 मुद्दे रखे जाएंगे और चर्चा होगी। खास तौर पर शहर में बनीं कुछ नई सड़कों का महापुरुषों और सामाजिक कार्यतार्ओं के नाम पर नामकरण किया जाना है। इस पर चर्चा होगी। मुख्यमंत्री विष्णूदेव साय ने महीना भर पहले शहर में उद्घाटन और लोकार्पण कार्यक्रम के दौरान इसकी घोषणा की थी। इसके साथ ही संपत्ति कर वसूली, शहर में चल रहे विकास कार्यों, पेंशन योजना पर भी बात होगी। एमआईसी की बैठक में नव पदस्थ कमिश्नर प्रकाश कुमार सर्वे का स्वागत भी किया जाएगा।

### हाईकोर्ट बार चुनाव, 19 जनवरी को नामांकन

**बिलासपुर।** हाईकोर्ट बार एसोसियेशन चुनाव के लिए मतदान 5 फरवरी को होगा। मतों की गिनती अगले ही दिन 6 फरवरी को कराई जायेगी। जारी अधिसूचना के मुताबिक सदस्यों के लिए दावा आपत्ति दो जनवरी से 5 जनवरी तक की जा सकेगी । 9 जनवरी को अंतिम मतदाता सूची आएगी। नामंकन पत्रों का वितरण 12 से 16 जनवरी तक किया जाएगा । अंतिम बार 19 जनवरी को नामांकन जमा किए जा सकेंगे। जांच के बाद उमीदवारों की प्रारम्भिक सूची 21 जनवरी को प्रकाशित होगी , इसके बाद 23 जनवरी शाम तक अपने नाम वापस लिए जा सकेंगे। उमीदवारों की अंतिम सूची का प्रकाशन 27 जनवरी को होगा। पांच फरवरी का दिन सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक मतदान के लिए निर्धारित किया गया है। मतों की गिनती 6 फरवरी को की जाएगी विजयी उम्मीदवारों को प्रमाणपत्र 10 फरवरी को शाम 4 बजे मिलेंगे।

### ओयू के सत्र 2026 में प्रवेश के लिए आवेदन 1 से

**बिलासपुर।** पं सुंदरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय द्वारा शैक्षणिक सत्र जनवरी से दिसंबर 2026 के लिए दूरस्थ शिक्षा के अंतर्गत विभिन्न पाठ्यक्रमों में ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ की जा रही है। ओयू द्वारा जारी सूचना के अनुसार ऑनलाइन आवेदन 1 जनवरी सुबह 10 बजे से शुरू होंगे, जबकि आवेदन की अंतिम तिथि 27 फरवरी की मध्यरात्रि 12 बजे तक तय की गई है। विवि द्वारा स्नातक स्तर पर बीए, बीएससी (जीवविज्ञान एवं गणित), बीलिब एंड आईएससी. सहित विभिन्न पाठ्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। इन पाठ्यक्रमों की अवधि 3 वर्ष है और न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 10+2 रखी गई है। स्नातकोत्तर स्तर पर एमए हिंदी, अंग्रेजी, संस्कृत, राजनीति विज्ञान, समाजशास्त्र, एमएससी गणित, कंप्यूटर साइंस, एमकॉम, एमएड, एमएसडब्ल्यू जैसे पाठ्यक्रम उपलब्ध हैं।

### एनीकट में गिरकर दो साल के बच्चे की मौत

**बिलासपुर।** खेलते-खेलते घर के पास बने मनियारी नदी के एनीकट में गिरकर दो साल के मासूम बच्चे की मौत हो गई है। इकलौते बेटे की मौत से घर में मातम छा गया है। हिर्री पुलिस के अनुसार ग्राम मोहदा निवासी रामदुलारी निषाद के घर के पीछे मनियारी नदी में एनीकट बना हुआ है। 29 दिसंबर को सुबह 11.30 बजे घर के आंगन में उनका इकलौता बेटा देवेश निषाद 2 साल खेल रहा था। उसकी मां घरेलू काम कर रही थी। उनका बेटा देवेश खेलते खेलते पीछे के दरवाजे से एनीकट के पास चला गया और गिर गया, जिससे डूबकर उसकी मौत हो गई। काम खत्म करने के बाद श्रीमती निषाद बेटे को खोजा तो आंगन में नहीं मिला। खोजते हुए एनीकट गईं तो बेटे की लाश तैरती दिखी। इकलौते बेटे की मृत्यु से घर में मातम छा गया है। पुलिस मामले में मर्ग कायम कर लिया है।

# 13 जिलों के 25 हजार एनजीओ की सात साल से न जांच, न ऑडिट

**मानिटरिंग तो कभी हुई ही नहीं** — संभाग मुख्यालय बिलासपुर में भी सिर्फ एक रजिस्ट्रार और बाबू काम कर रहे, कई संस्थाओं ने पंजीयन तो करा लिया लेकिन सालाना जानकारी नहीं दे रहे

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अलग खबर

बिलासपुर और सरगुजा संभाग के 13 जिलों में करीब 25 हजार एनजीओ हैं। पिछले सात सालों से किसी ने अपने काम की न जानकारी दी है और न ही आडिट कराया है। इन संगठनों को मान्यता देने वाले पंजीयक फर्म्स एवं संस्थाएं द्वारा फाइलों की जांच भी नहीं हो रही है। इनके काम मानिटरिंग करने रजिस्ट्रार फर्म और सोसायटी विभाग के पास इंस्पेक्टर तक नहीं हैं।

यह स्थिति सिर्फ बिलासपुर-सरगुजा ही नहीं, बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ की है, क्योंकि पूरे राज्य में सात इंस्पेक्टर के पद हैं और सभी खाली हैं। बिलासपुर की बात करें तो यहां सेटअप के मुताबिक कर्मचारियों के 10 से अधिक पद खाली हैं। हाल यह है कि संभाग मुख्यालय में सिर्फ एक रजिस्ट्रार और एक बाबू ही काम कर रहे हैं।

नियमानुसार एनजीओ को हर साल ऑडिट रिपोर्ट के साथ संस्था के कार्यकारिणी की जानकारी देनी जरूरी होती है। ऐसा नहीं होने पर एनजीओ का लाइसेंस सस्पेंड किया जा सकता है। इसकी जांच के लिए एक इंस्पेक्टर होता है और गड़बड़ी मिलने पर एनजीओ को नोटिस जारी करते हैं और संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर एनजीओ का पंजीयन सस्पेंड या निरस्त किया जा सकता है। स्टाफ कम होने के कारण लेकिन इन दस्तावेज को बगैर ऑडिट किए मात्र खानापूर्ति कर संस्थाओं को लौटा दिया जाता है। इससे फर्जीवाड़ा करने वाले संगठनों के कारनामे सामने नहीं आ पाते हैं।

### प्रदेश में 70 पद, अधिकांश खाली

ज्ञात हो कि रजिस्ट्रार फर्म और सोसायटी का दुर्ग, सरगुजा, रायपुर, बिलासपुर व बस्तर में आफिस है। इनमें अंबिकापुर छोड़कर सभी जगह अधीक्षक का पद भी है। इसके साथ ही लिपिक, भृत्य, ऑडिटर, स्टेनो, निरीक्षक का पद है, लेकिन किसी भी आफिस में न तो निरीक्षक हैं और न ही लिपिक। हालत यह है कि प्रदेश में कुल 70 पद हैं, जिस पर सिर्फ 20 अधिकारी-कर्मचारी ही काम कर रहे हैं। बिलासपुर में सहायक रजिस्ट्रार का पद 2017 से खाली है। आफिस में सिर्फ दो लोग ही काम कर रहे हैं। क्लर्क, आडिटर, इंस्पेक्टर के पद भी खाली हैं। यही नहीं बिलासपुर संभाग के 6 जिलों में एनजीओ सहित कुल 45 हजार महिला मंडल, युवा क्लब सहित संस्थाएं पंजीकृत हैं। पड़ताल में पता चला है कि सरकार की योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए एनजीओ और सरकार से पंजीकृत महिला मंडल व महिला समूहों की मांग की जाती है।

### प्रदेश में सवा लाख एनजीओ

ज्ञात हो कि रजिस्ट्रार फर्म और सोसायटी वाणिज्य व कर विभाग संचालित करता है। प्रदेश में लगभग सवा लाख एनजीओ व महिला मंडल, महिला समूह व युवा क्लब हैं। इसमें करीब 30 हजार एनजीओ हैं, जिन्हें संस्थाओं के नाम से जाना जाता है। अधिकारियों की मानें तो इनमें से सिर्फ दस प्रतिशत संस्थाओं द्वारा रजिस्ट्रार फर्म व सोसायटी में अपने काम की नियमानुसार जानकारी दी जा रही है। इनमें भी वहीं संस्थाएं या ट्रस्ट हैं, जो सक्रिय रूप से काम कर रही हैं। अधिकारियों ने बताया कि उनके पास एनजीओ के काम की शिकायत तभी आती है, जब आपस में उनके सदस्यों के बीच विवाद की स्थिति बनती है, जबकि आम आदमी भी एनजीओ द्वारा की जाने वाली गड़बड़ी की शिकायत रजिस्ट्रार फर्म व सोसायटी में कर सकता है।

### फंड का होता रहा है दुरुपयोग

कार्यालय से पंजीबद्ध एनजीओ की मॉनिटरिंग नहीं होने से कई एनजीओ व उसके पदाधिकारी जमकर फायदा उठाते हैं। इन एनजीओ को आम लोगों व अन्य संगठनों से चंदे के रूप में राशि मिलती है। मदों को सार्वजनिक करने की बाध्यता नहीं होने से यह कारोबार चलते ही रहता है। कई बार तो संगठन के अन्य पदाधिकारियों को भी अंधेरे में रखकर कुछ लोग यह कारनामा करते हैं। इस बीच ऐसे भी मामले सामने आए हैं जब एनजीओ व्यावसायिक कारोबार करते हुए पाए गए हैं। जानकारों के मुताबिक शासन की ओर से चलाए जाने वाले विभिन्न सामाजिक, शैक्षणिक व अन्य क्षेत्रों के कामों की जिम्मेदारी एनजीओ को दी जाती है। ऐसे में इन संगठनों की नियमित पड़ताल और भी जरूरी है।

### जांच की जा रही है

सालाना जानकारी के साथ ही आडिट की कार्रवाई के लिए संस्थाओं को कहा जाता है। कुछ ने जानकारी भी दी है। इसकी जांच की जा रही है।

**- ज्ञान प्रकाश साहू,** सहायक पंजीयक, फर्म्स एवं संस्थाएं

## युवा खेल महोत्सव खत्म होने के 5 दिन बाद भी बदहाल है स्टेडियम





# करोड़ों के बहतराई स्टेडियम को बना दिया कचरा डंप क्षेत्र

**खेल विभाग ने नगर निगम को बताया जिम्मेदार**

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

14 सौ करोड़ के बहतराई स्टेडियम की दुर्दशा देखते ही बनती है। 5 दिन पहले यहां युवा खेल महोत्सव का आयोजन खत्म हो चुका है, लेकिन परिसर में डिस्पोजल, पालिथिन और कचरे का अंबार लगा हुआ है। जिसे उठाने की जिम्मेदारी खेल विभाग की है लेकिन नगर निगम के माथे में आरोप मढ़ कर विभाग के अधिकारी अपनी जिम्मेदारी से बच रहे हैं।

बहतराई स्टेडियम को कचरा डंप क्षेत्र बना दिया गया है। करीब 14 सौ करोड़ खर्च कर बनाए गए स्टेडियम में राष्ट्रीय स्तर के खेल आयोजन किए जाते है। इन खेलों के माध्यम से देश को युवा खिलाड़ी भी मिलते हैं, लेकिन आयोजन के बाद कचरा उठाने के नाम दो विभागों के बीच रार खड़ी हो चुकी है। दरअसल युवा खेल महोत्सव को खत्म हुए 5 दिन बीत चुके हैं। खेल में 4 हजार से अधिक खिलाड़ी शामिल हुए और खेल विभाग ने पूरी तैयारी के साथ आयोजन को पूरा किया है, लेकिन आयोजन खत्म होने के बाद कार्यक्रम से निकला कचरा स्टेडियम ही डंप कर दिया गया है। खाने-पीने के सामान, प्लास्टिक बोतल, पॉलिथीन, डिस्पोजल मैदान के कई क्षेत्रों में बिखरे हुए है। हालत यह है कि कई जगहों से बदबू भी आ रही है, ऐसे में करोड़ों रूपए की लागत से बनाए गए स्टेडियम में साफ सफाई को लेकर खेल विभाग की उदासीनता खिलाड़ियों पर भारी पड़ सकती है। विभाग के अधिकारी इसके लिए नगर निगम को जिम्मेदार बता रहे हैं।



### खेल विभाग को करनी चाहिए सफाई

खेल विभाग के पास अपने कर्मचारी हैं। आयोजन के दौरान ठेके पर साफ कर्मचारी रखे जाते है लेकिन इसके बाद भी नगर निगम को सफाई करने के लिए कहा जाता है। वार्ड और अन्य इलाकों की सफाई में व्यस्त रहने के कारण कचरे का उठाव नहीं हो सका है।

**- प्रवीण शर्मा,** जोन कमिश्नर, नगर निगम

### कर्मचारी नहीं रहते

हमारे पास इतने कर्मचारी नहीं रहते हैं, जिससे इतने बड़े क्षेत्र में सफाई कराई जा सके। आयोजन के समय नगर निगम के द्वारा ही सफाई की जाती है।

**- ए एक्का,** सहायक संचालक खेल विभाग

### मेंटनेंस का जिम्मा पीडब्ल्यूडी के पास

खास बात यह है कि बहतराई स्टेडियम के मेंटनेंस का जिम्मा पीडब्ल्यूडी के पास है लेकिन फंड के अभाव में ज्यादातर क्षेत्रों में बदहाली साफ तौर पर देखी जा सकती है। इंडौर स्टेडियम की टाइल्स उखड़ चुकी है, वहीं टायलेट-बाथरूम का हाल बेहाल है।

### निगम से किया गया संपर्क

खेल विभाग के अधिकारियों के अनुसार बड़े आयोजन के लिए जिला प्रशासन की ओर से नगर निगम के अधिकारियों को साफ-सफाई का जिम्मा सौंपा गया है लेकिन नगर निगम के अधिकारी यहां झांकने तक नहीं आए है। खेल विभाग के अधिकारियों का कहना है कि उनके पास साफ सफाई के लिए मशीनरी और कर्मचारी नहीं है। ऐसे में इतने बड़े क्षेत्र की सफाई करना संभव नहीं है।

### पालिथीन छोड़ भाग गया ठेकेदार

जानकारों के मुताबिक खाने-पीने के लिए खेल विभाग ने ठेका दिया था। खिलाड़ी, अधिकारी, कर्मचारियों को रोजाना पार्सल दिए जाते रहे है। खेल विभाग ने ठेकेदारों को लाखों रूपए का भुगतान किया है लेकिन ठेकेदारों ने पॉलिथीन बेग में कचरा भरकर स्टेडियम के कई जगहों पर छोड़ दिया है। जिससे बदबू पनप रही है जबकि आयोजन के दौरान और बाद में इन्हीं ठेकेदारों को कचरा भी फेंकना था, लेकिन खेल विभाग ठेकेदारों से काम नहीं करा पाई है।

# 57 लाख की ठगी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



■ जब्ती फूटी कौड़ी नहीं

डिजिटल अरेस्ट का भय दिखाकर एक व्यक्ति से 57 लाख की ठगी करने वाले आरोपी को पुलिस ने दिल्ली से गिरफ्तार कर लिया है। उससे जब्ती फूटी कौड़ी नहीं की गई है।

सिविल लाइन सीएसपी निमितेश सिंह परिहार ने बताया, सिविल लाइन क्षेत्र एक वरिष्ठ नागरिक को वर्चुअल मोबाइल नम्बर से फोन कर मनीलॉड्रिंग के केस में संलिप्त होने में डिजिटल अरेस्ट का डर बनाकर 57 लाख रुपए की ठगी कर लिया गया था। जालसाजों के संबंध में साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल अध्यतन रिपोर्ट, ठगी की रकम प्राप्त करने में उपयोग किए गए बैंक खातों को चिन्हांकित कर बैंक खाता धारकों की जानकारी, आनलाइन ट्रांजेक्शन व घटना से संबंधित तकनीकी जानकारी प्राप्त किया गया। उसके बाद साइबर थाना की टीम ने उत्तर प्रदेश में दबिश देकर बुलंदशहर मौथुरपुरा शिकारपुर निवासी मनिंदर सिंह पिता निरंजन सिंह 54 साल को पकड़कर गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपी के पास से ठगी के फूटी कौड़ी जब्त नहीं की गई है।

# बच्ची पर चाकू अड़ाकर लूट की कोशिश, जुर्म दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

आरक्षक के घर में घुसकर नकाबपोश ने डेढ़ साल की बच्ची के उठाकर गले में चाकू अड़ाकर लूट की कोशिश की गई थी। तीसरे दिन आरक्षक की पत्नी की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। पुलिस नकाबपोश का सुराग नहीं लगा पाई है।



आरक्षक के घर में घुसा नकाबपोश, बच्ची के गले चाकू अड़ाकर मां से कहा- रुपया, जेवर निकालो

हरिभूमि में प्रकाशित खबर।

शुक्रवार की शाम 6.30 बजे तिफरा पुलिस क्वार्टर आई ब्लाक 6 वी मंजिल मकान नम्बर 603 में रहने वाले चकरभाठा थाने में पदस्थ आरक्षक भागवत चंद्राकर के घर पर उनकी पत्नी रीना चंद्राकर और दो बेटियां घर में थीं। दरवाजे की बेल बजने पर उनकी बड़ी बेटी शिप्पी दरवाजा खोला तो एक नकाबपोश अंदर घुस गया। उसने उनकी डेढ़ साल की बेटी को उठाकर गर्दन में चाकू अड़ाकर श्रीमती चंद्राकर से रुपए और जेवर की मांग की, श्रीमती चंद्राकर ने नकाबपोश को धक्का देकर दोनों बच्चियों के साथ भागते हुए कमरे में घुस गईं और अंदर से दरवाजा बंद कर लिया। उनके शोर मचाने पर पकड़े जाने के भय से नकाबपोश बाहर से दरवाजे की सिटकनी लगाकर भाग गया था। रविवार को आरक्षक की पत्नी रीना चंद्राकर ने घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ बीएनएस की धारा 331 च, 309, 5 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है। तीन दिन बाद भी पुलिस नकाबपोश लुटेरे का सुराग नहीं लगा पाई है।

**एक जनवरी से मोबाइल एप के जरिए अटेंडेंस की तैयारियां पूरी, फेस रीडिंग से लगेगी अटेंडेंस**

# ‘अटेंडेंस तुंहर हाथ’, कलेक्टर-एडीएम सहित 128 अधिकारी-कर्मचारी रजिस्टर्ड

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अब मोबाइल एप के जरिए अधिकारी-कर्मचारियों का अटेंडेंस लिया जाना है। अटेंडेंस फेस रीडिंग के तहत लगाई जाएगी। अपने-अपने मोबाइल में आधार बेस एवं आधार फेस आरडी नामक दो एप डाउनलोड कर लोग अपना अटेंडेंस अपने हाथों ही लगा सकेंगे। इसके लिए कलेक्टर व एडीएम सहित 128 अधिकारी-कर्मचारियों के रजिस्ट्रेशन किए जा चुके हैं।

धान खरीदी के अंतर्गत किसानों को सहज रूप से टोकन उपलब्ध कराने सरकार ने जिस तरह टोकन तुंहर हाथ नामक एप लांच किया है। ठीक उसी तरह अब कार्यालयों में निर्धारित समय में प्रतिदिन की उपस्थिति दर्ज कराने हेतु सरकार ने आधार बेस व आधार आरडी नामक दो मोबाईल एप लांच किया है। इसके माध्यम से अधिकारी व कर्मचारी अपने हाथों से ही अपनी कार्यालय आने एवं जाने के दौरान उपस्थिति दर्ज करा सकेंगे। इसके अंतर्गत कलेक्टोरेट में भू-अभिलेख व ट्रेजरी सहित कलेक्टर कार्यालय के कुल 128 लोगों के रजिस्ट्रेशन किए जा चुके हैं। यह एप पूरी तरह फेस रीड करेगा, जिसमें कर्मचारी अपना अटेंडेंस लगा सकेंगे।



### सौ मीटर के दायरे में ही करेगा काम

मोबाइल एप के माध्यम से अपने हाथों से ही उपस्थिति दर्ज होगी इसका ये बिल्कुल भी मतलब नहीं है कि लोग घर बैठे ही अपने मोबाइल से अपनी उपस्थिति दर्ज करा लेंगे। यह एप तभी काम करेगा, जब संबंधित कर्मचारी अपने आफिस के सौ मीटर के दायरे में पहुंच चुका हो। इससे अधिक दूरी होने की दशा में एप काम नहीं कर सकेगा।

### मोबाइल नहीं तो अटेंडेंस नहीं, 7 ने खरीदा नया स्मार्टफोन

नई व्यवस्था के अनुसार मोबाइल एप संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारियों का फेस रीड करेगा इसके बाद ही संबंधित के अटेंडेंस लग सकेंगे। जिन लोगों के पास कीपैड मोबाइल है, उनका अटेंडेंस नहीं लग सकेगा। ऐसे में कलेक्टोरेट में पदस्थ कीपैड मोबाइलधारक सात कर्मचारियों को कार्यालय में अपनी उपस्थिति दर्ज कराने के लिए ही विशेष रूप से स्मार्टफोन खरीदना पड़ा है।

### 66 विभाग, 8 हजार अधिकारी-कर्मचारी

शासन के निर्देशानुसार मोबाइल एप के जरिए कार्यालयों में उपस्थिति दर्ज करने वाली व्यवस्था जिला मुख्यालय में स्थापित सारे कार्यालयों में होनी है। इसके अंतर्गत जिले में संचालित करीब 66 विभागों में यह व्यवस्था लागू की जानी है। इन विभागों में मुख्यालय में करीब आठ हजार अधिकारी व कर्मचारी पदस्थ हैं, जिनका रजिस्ट्रेशन किया जाना है।

### जिला पंचायत में हो सकती है देरी

जिला पंचायत कार्यालय में एक जनवरी से मोबाइल एप के जरिए अटेंडेस लगाने वाली व्यवस्था लागू हो पाने में थोड़ा संदेह है। सीईओ संदीप कुमार अग्रवाल ने बताया कि यहां अधिकारियों व कर्मचारियों की संख्या लगभग 60 है, जिनमें ज्यादातर संविदा कर्मचारी हैं। इस प्रक्रिया में रजिस्ट्रेशन आधार नंबर के तहत ही होना है, जिसमें तकनीकी रूप से थोड़ी दिक्कत हो रही है। कुछ लोगों के रजिट्रेशन हो चुके हैं, वहीं ज्यादातर के होने हैं। ऐसे में एक जनवरी से यहां अटेंडेंस की नई व्यवस्था शायद ही प्रारंभ हो।

### सभी जगह लागू होगी व्यवस्था

एक जनवरी से मोबाइल एप के माध्यम से अधिकारी-कर्मचारियों के अटेंडेंस होने हैं। इसके लिए अब तक कलेक्टोरेट में पदस्थ 128 लोगों के रजिस्ट्रेशन किए जा चुके हैं। अन्य सभी विभागों में भी यही व्यवस्था लागू रहेगी।

**- शिवकुमार बनर्जी,** एडीएम

## खबर संक्षेप

### पर्यटकों को एटीआर में दिखा बाघ



**लोरमी।** अचानकमार टाइगर रिजर्व में द्वितीय पाली की सफारी के दौरान रायपुर निवासी हरिशंकर समीर अपने पूरे परिवार के साथ पर्यटक वाहन चालक जीवन लाल साकत एवं टूरिस्ट गाइड कुशाल टिलवानी ने बाघ का दीदार कराया। हरिशंकर समीर रायपुर निवासी ने बाघ की वीडियो एवं फोटो अचानकमार प्रबंधन को साझा करते हुए अपनी खुशी जाहिर की।

### त्रिलोक के नेतृत्व में भूपेश का स्वागत



**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सोमवार को बेलतरा विस क्षेत्र के दौरे पर थे। इस दौरान कांग्रेस नेता त्रिलोक चंद्र श्रीवास के मार्गदर्शन में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने ढोल-ताशा के साथ आतिशबाजी व पुष्प वर्षा कर उनका जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर त्रिलोक ने भूपेश बघेल को क्षेत्र में धान खरीदी में हो रही अनियमितता एवं गरीबों के मकान उजाड़ने के विषय पर चर्चा भी की। इस दौरान मोहन जायसवाल, मुकेश अग्रवाल, मनोज श्रीवास, पंडित जितेंद्र शर्मा, जीतू चरण सिंह, राज पवन सिंह, ठाकुर रवि बघेल, दादूराम लास्कर, चंद्र प्रकाश केसरवनी, कृष्णा श्रीवास, माखन नेताम, कौशल श्रीवास्तव, आयुश सिंह, गोलू खुरशाल, राजा श्रीवास, दीपक श्रीवास, राजू जनक पांडे, अंकित यादव, प्रामोद यादव, शिव सोनवानी, केशव धुरी, लोकेश श्रीवास, रामेश्वर केसरी, कामरान खान, रामप्रकाश चंद्राकर, अभिमन्यु धीवर, हरीश वर्मा, प्रमोद साहू, अनिल साहू, राजू कश्यप, चरण सिंह, राज विनोद यादव, अनिल उनके, गोविंद यादव, संतराम चंद्राकर, रामनाथ साहू, नारायण टैगोर, सुरचित ध्रुव, राजकुमार साहू, राजकुमार टांडे, बलराम श्रीवास, दादू शिकारी सुखदेव तिवारी, राजेश यादव, लोकेश दिवाकर साहित बेलतरा विस क्षेत्र के हजारों कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### धरना-प्रदर्शन में शामिल हुए सैकड़ों कर्मचारी

# हड़ताल का दिखा व्यापक असर कार्यालयों में कामकाज रहा ठप

हरिभूमि न्यूज ⏭ पेंड्रा

छत्तीसगढ़ कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन के आह्वान पर सोमवार 29 दिसम्बर से सभी विभागों के अधिकारी व कर्मचारियों ने हड़ताल शुरू करते हुए ज्योतिपुर पेंड्रारोड धरना स्थल पर 3 दिवसीय प्रदर्शन प्रारंभ कर दिया।

हड़ताल के पहले ही दिन जिले में व्यापक असर देखने को मिला। जिले के हजारों कर्मचारियों के हड़ताल में जाने से सभी दफ्तरों में कामकाज प्रभावित रहे, वहीं स्कूलों में भी पढ़ाई ठप्प रही। यह हड़ताल 31 दिसम्बर तक चलेगी, यदि इस बीच शासन फेडरेशन से मांगो के संबंध में बातचीत नहीं करती, तो



कार्यालयों में काम कराने जाने वाले आम नागरिकों को दो दिन और परेशान होना पड़ेगा।

पहले दिन धरना प्रदर्शन को संबोधित करते हुए जिले के कर्मचारी नेताओं ने भाजपा सरकार से आग्रह किया है कि, भारत देश के प्रधानमंत्री के नाम पर दिए गए 'मोदी की गारंटी' को लागू करके कर्मचारियों से किए गए वायदे को पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि, शासन की समस्त योजनाओं को जमीनी स्तर पर कर्मचारियों के द्वारा क्रियान्वयन कराया जाता है, इसलिए कर्मचारियों से किए गए वायदे को पूरा किया जाना चाहिए। संचालन अजय चौधरी ने किया। धरना प्रदर्शन में कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन जिला संयोजक डॉ संजय शर्मा, केबी दीक्षित, प्रवीण श्रीवास, सचिन तिवारी, राजकिशोर टंडन, प्रीतम कोशले, अक्षय नामदेव, प्रकाश रैदास, सत्य नारायण जायसवाल, अजय सप्रे, तीरथ प्रसाद बड़गैया, पीयूष गुप्ता, कविता शर्मा, किशन राठौर, बलराम मराबी, मुकेश निषाद, प्रकाश रैदास, मोनिका जैन, जेपी पैकरा, जनभान सिंह पैकरा, राकेश तिवारी, अभिषेक शर्मा, तुलसी महिलांगे, राजेश चौधरी, संजय सोनी, रामप्रमोद तिवारी, प्रवीण कौशिक, वीपी सिंह, आरके तिवारी, मुकेश सिंह ठाकुर इत्यादि कर्मचारी नेता शामिल थे।

## भाजयुमो ने किया बघेल का पुतला दहन



हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा बागेश्वर बाबा, संतों, सनातन एवं देवी देवताओं के ऊपर टिप्पणी के विरोध में भारतीय जनता युवा मोर्चा ने भूपेश बघेल के विरुद्ध नारेबाजी करते हुए बघेल का पुतला दहन किया गया। इस पुतला दहन कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष दीनानाथ केशरवानी, पूर्व जिला अध्यक्ष शैलेष पाठक, वरिष्ठ नेता गिरीश शुक्ला, अमितेश आर्य, संदीप साहू, सौरभ बाजपेयी, बब्बू सिंह, राघवेंद्र ठाकुर, उमाशंकर बघेल, यश गुप्ता, राजेश्वर टंडन, कोटू दादवानी, राकेश साहू, विजय यादव, संतोष लखवानी, रवि साहू, गणेश बाजपेयी, लवन डाहिरे, सुनील सोनी, योगेश ताम्रकार, वासुदेव देवांगन, राजा तंबोली आदि पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे। यह जानकारी जिला मीडिया प्रभारी रामशरण यादव ने दिया।

## कर्मचारियों के हड़ताल पर जाने से शासकीय काम बाधित

**तखतपुर।** छत्तीसगढ़ अधिकारी-कर्मचारी फेडरेशन के बैनर तले राज्य भर के कर्मचारियों के तीन दिन की तड़ताल पर जाने के कारण शासकीय कार्यालयों में काम बाधित रहा। कर्मचारियों के ना होने के कारण दूर दराज से आए ग्रामीण बिना काम पूरा हुए ही वापस लौट गए। कर्मचारी संगठन ने कहा कि, तीन दिवसीय हड़ताल के बावजूद शासन द्वारा मांगों पर कोई एक्शन नहीं लिया जाता तो आगे उग्र आंदोलन किया जाएगा। कर्मचारी इंद्राज सिंह ठाकुर ने कहा कि, शासन की ओर से लंबित मांगों पर ध्यान नहीं देने के कारण तीन दिवसीय आंदोलन का रास्ता चुना है, इससे पहले भी 22 अगस्त को एक दिवसीय प्रदर्शन किया गया था। मोदी की गारंटी के बाद भी कर्मचारियों को महंगाई भत्ता, डीए एरियर्स आदि सुविधाओं के वंचित रखने के कारण कर्मचारियों में जबरदस्त नाराजगी है। उन्होंने कहा कि, सरकार यदि इन तीन दिनों में कोई कदम नहीं उठाती तो आंदोलन को और विस्तार दिया जाएगा।




## मांगों को लेकर कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन ने किया प्रदर्शन



**मुंगेली।** आगर क्लब मैदान में आयोजित छत्तीसगढ़ कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन के आंदोलन में पहले दिन 124 संगठन 11 सूत्रीय मांगों को लेकर शामिल हुए। जिला संयोजक जेएस ध्रुव ने विस्तार से मांगों के सम्बंध में विचार व्यक्त किए। जिला उपसंयोजक बिन्दु भास्कर ने कहा कि, यह आन्दोलन निश्चितकालिन है, यदि हमारे 11 सूत्रीय मांगों को पूरा नहीं किया गया तो, अनिश्चितकालीन हड़ताल में जाने के लिए आप सभी तैयार रहे। सहसंयोजक रामकृष्ण वैष्णव ने कहा कि, सरकार हमारे मांगों को जरूर पूरा करेगी। प्रदेश अध्यक्ष कृष्ण कुमार नवरंग ने कहा कि यह 11 सूत्रीय मांगें समस्त विभागों के कर्मचारियों के हित को ध्यान में रखकर बनाई गई हैं, जिसे तत्काल मोदी की गारंटी तहत पूरी कर देना चाहिए। संरक्षक सईद खान ने पूर्व के उदाहरणों के माध्यम से जल्द से जल्द मांगें पूर्ण करने की गुहार सरकार से लगाई। इस मौके पर प्रमुख रूप से सहसंयोजक नारायण भास्कर, फेडरेशन कोषाध्यक्ष कृष्ण कुमार वर्मा, नगरीय निकाय प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश तिवारी, कर्मचारी कांग्रेस जिला अध्यक्ष अश्मनी बंजारे, सचिव संघ जिला अध्यक्ष योगेश साहू, संयुक्त प्रधान पाठक संघ जिला अध्यक्ष दिनेश निर्मलकर, जिला प्रवक्ता फूलचंद यादव, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष सुशीला घृतलहरे, सरिता गुप्ता, तहसील फेडरेशन अध्यक्ष डीएल भास्कर, रामसिंह राजपूत, जेपी साहू, पीएल दिवाकर, अरविंद शर्मा, प्रभात तिवारी आदि बहुत संख्या में उपस्थित थे।

## कांग्रेस नेताओं की टिप्पणी के विरोध में जोरदार प्रदर्शन



**जीपीएम।** जिले के मरवाही में भारतीय जनता युवा र्चा (भाजयुमो) ने कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और पूर्व उप मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव द्वारा साधु-संतों एवं सनातन संस्कृति पर की गई आपत्तिजनक टिप्पणियों के विरोध में जोरदार प्रदर्शन किया। मरवाही के पुराने बस स्टैंड के पास सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, टीएस सिंहदेव और कांग्रेस पार्टी का पुतला दहन किया। प्रदर्शन का नेतृत्व भारतीय जनता युवा मोर्चा नेता आयुष कुमार मिश्रा ने किया। उन्होंने कहा कि भूपेश बघेल सनातन विरोधी बयान देते हैं। कभी भी मतांतरण या बांग्लादेश, बंगाल में होने वाले हिंदुओ पर हमलों पर उनका बयान नहीं आता। कार्यक्रम में जिला महामंत्री भाजपा किशन सिंह ठाकुर, भाजपा उत्तर मंडल अध्यक्ष कमलेश यादव, जिला उपाध्यक्ष राकेश सिंह दीक्षित, वरिष्ठ भाजयुमो नेता आयुष कुमार मिश्रा, भाजयुमो मंडल अध्यक्ष एकलव्य केवट, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष योगेन्द्र सिंह नहरेल,महामंत्री गोविंद गुप्ता,वरिष्ठ नेता इंद्रपाल तिवारी, कैलाश सोनी, भाजयुमो जिला कार्यसमिति सदस्य आकर्ष प्रताप सिंह, कन्हैया दुबे, महामंत्री किशन रजक,पार्षद अमर हलवाई, सावन राय, मनीष चौधरी, संजय राय, कृष्ण चौधरी, मयंक द्विवेदी, पूरब केवट, धर्मेंद्र, संजय राय, अवधेश, निकित राय, हर्ष, मेला राम, नारायण पूरी, मंगलू सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

## राजपूत युवा मोर्चा का साफा तलवार व दंड प्रशिक्षण शिविर



**लोरमी।** राजपूत युवा संघ एवं राजपूत युवा मोर्चा ग्रामीण ईकाई भारतपुर के संयुक्त तत्वाधान में साफा, तलवार एवं दंड प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया।

ग्राम भारतपुर में दो दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण आयोजित की गई। इस शिविर में साफा बांधने, तलवार व दंड चलाने का प्रशिक्षण दिया गया। रामकिंकर सिंह ने कहा कि, पूरे छत्तीसगढ़ में लोरमी के राजपूतों की अपनी अलग पहचान है। यहां पर समय-समय पर विविध सामाजिक कार्यक्रम होते रहते हैं। सुनील सिंह राजपूत ने कहा कि, इस प्रकार के आयोजन राजपूतों के परंपरा को जानने में मदद करती है। इस दौरान आयोजन समिति भारतपुर टीम को सफल आयोजन के लिए 50 हजार रुपए का सहयोग किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे संजय सिंह राजपूत ने कहा कि, साफा बांधना, शस्त्र का ज्ञान होना हमारे आदर्श महापुरुषों की स्वाभिमान को दर्शाता है। कार्यक्रम का संचालन गणेश सिंह राजपूत ने किया। मुख्य अतिथि ने प्रशिक्षणार्थियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। इस अवसर पर डीएस राजपूत, श्याम सिंह, जगन्नाथ सिंह, राहुल सिंह जोधावत, दीपक सिंह सिसोदिया, अभिषेक सिंह तोमर, प्रीतेश सिंह, गोविंद सिंह, प्रो मिथलेश सिंह, गायत्री सिंह, डॉ दिलीप सिंह, दीपनारायण सिंह, श्याम लाल सिंह, विमल सिंह, शिवकृपाल, अंकित सिंह, श्रवण सिंह, सुनील सिंह, राजेन्द्र सिंह, मनहरण सिंह, राजू सिंह आदि की उपस्थिति रही।

## अभ्युदय योजना के तहत ऋण आवेदन आमंत्रित

**मुंगेली।** प्रधानमंत्री अनुसूचित जाति अभ्युदय योजना के अंतर्गत अनुसूचित जाति वर्ग के युवाओं एवं उद्यमियों को स्वरोजगार के लिए प्रोत्साहित कर आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से ऋण हेतु आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। योजना के तहत बैंक के माध्यम से लघु उद्योग एवं व्यापार के लिए ऋण स्वीकृत कराया जाएगा, योजना के तहत 50 प्रतिशत अथवा अधिकतम 50 हजार रुपए तक का अनुदान देय होगा। योजना के अंतर्गत किराना दुकान, बेकरी, चाट, भोजनालय, चाय–नाश्ता केंद्र, ब्यूटी पार्लर, हेयर कटिंग सैलून, योग शिक्षा, लान्ड्री, घड़ी साज, इलेक्ट्रनिक एवं विद्युत मरम्मत, सायकल, स्कूटर, मोपेड मरम्मत, नर्सरी व बागवानी, पशुपालन, मुर्गीपालन, बकरीपालन, मछलीपालन, फुटकर विक्रेता, मसाला उद्योग, सॉफ्ट टॉयज, कृत्रिम आभूषण निर्माण, मामेबत्ती निर्माण, स्टेशनरी दुकान, कोचिंग क्लासेस, सिलाई–कढ़ाई, फर्नीचर, स्वेटर बुनाई, मशरूम उत्पादन, प्लास्टिक एवं बर्तन दुकान, मोटर पंप मरम्मत, कंप्यूटर हार्डवेयर मरम्मत, मोबाइल व टीवी रिपेयरिंग, स्टील फैब्रिकेशन, फोटोकपी एवं प्रिंटिंग, एग्रो सर्विस सेंटर सहित विभिन्न प्रकार के छोटे-छोटे व्यवसाय प्रारंभ किए जा सकते हैं।

# माता, पिता और गुरु प्रमुख अंग, बनाया देश को अग्रणी




**पथरिया।** ग्राम पंचायत पुछेली में रविवार को हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन के मुख्य अतिथि सेवा निवृत्त शिक्षक रामुलाल श्याम, अध्यक्षता मातृशक्ति हेमलता पात्रे व मुख्य वक्ता के रूप में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ छत्तीसगढ़ प्रान्त के सामाजिक समरसता प्रान्त संयोजक विश्वनाथ बोगी रहे।

हेमलता पात्रे ने कहा कि अपने धार्मिक मूल्यों का अनुसरण करते अभी सभी को एकजुट होना होगा, नारीशक्ति आज देश ही नही दुनिया में बोल रहा है, आज समाज में मातृशक्ति आज समाज में अहम भूमिका निभा रही है, आज महिलाओं के उत्थान के लिए अनेको कार्य लगातार आयोजित हो रहे है उसमें सभी महिलाओं से आग्रह है सभी सहभागी बनें। मुख्य अतिथि रामुलाल श्याम ने कहा कि हम सभी को सत्य का अनुसरण करना होगा। विश्वनाथ बोगी ने कहा कि माता, पिता और गुरु इस देश के प्रमुख अंग है, इन्होंने ही देश को अग्रणी बनाया है। विश्वनाथ बोगी ने कहा की एक घण्टे की शाखा में देशप्रेम, धार्मिक संवाद, देशहित में कार्य नागरिकों को सिखाया जाता है, जो संघ में आ जाता है वो देश के नुकसान के बारे सोच भी नहीं सकता है। इस अवसर पर संयोजक अभिलाष त्रिवेदी, सह संयोजक आशीष केशरवानी, हरिशंकर वर्मा, जनपद अध्यक्ष चित्ररेखा जांगड़े, परमेश्वर सिंह, फगुराम मरकाम, चूणामणि रात्रे, देवेंद्र जायसवाल, सुनील विश्वकर्मा, सुरेश केश्वरवानी सुरेश पटेल, ज्ञानदास गेंदले, ब्रिजबल्ला शर्मा, आकाश बंजारे, अर्जुन पाल, बादल पात्रे, हुखम सिंह, क्लेश राम साहू, सविता जायसवाल, छेदीलाल जायसवाल, जवाहरलाल निर्मलकर, नंदकुमार, श्रवण जयसवाल, जगदीश मरावी, संतोष साहू, रामकुमार साहू, हरदेव निषाद,अभिषेक केशरवानी, ऋषि केशरवानी, बसन्त वर्मा, शिवकुमार जायसवाल, पिंटु साहू, शुभम मिश्रा, राजेश साहू, संतोष राजपूत, लव डड़सेना, गोलीराम निर्मलकर के साथ अन्य मौजूद रहे।





कार्यक्रम

## खेल स्पर्धा में दिव्यांगों ने दिखाई प्रतिभा, मनाया सशक्तिकरण दिवस



**बिलासपुर।** राष्ट्रीय सामाजिक संस्था सक्षम के बिलासपुर इकाई द्वारा दिव्यांग सशक्तिकरण दिवस पर करतार फार्म हाउस कलमीटार रतनपुर में दिव्यांगों एवं सक्षम कार्यकर्ताओं का सम्मेलन आयोजित किया गया। इसमें 50 दिव्यांग सहित सौ कार्यकर्ताओं ने भाग लिया एवं विभिन्न प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा दिखाई। इस दौरान दिव्यांगों के लिए दौड़, बाल्टी में बाल डालने, ताली पीटने वाली स्पर्धा एवं सामान्य ज्ञान संबंधी रोचक प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। सामान्य महिलाओं के लिए भी विभिन्न खेल स्पर्धाएं हुई। इस कार्यक्रम में सहभागी के रूप में लायंस क्लब बिलासपुर गोल्ड एवं वी क्लब बिलासपुर गोल्ड रहे। इस मौके पर क्लब की ओर से अध्यक्ष प्रियंका जैन, सचिव चुन्नी मौर्य, कोषाध्यक्ष बिन्नी गंभीर, चंदा बंसल, नीरज, अलका अग्रवाल, आरती अनंत, डॉ उषा, सरिता सोनी, सक्षम संस्था के संरक्षक चरणजीत सिंह गंभीर, कल्याणी, अनूप पांडेय, अंजलि चावड़ा, मंजू यादव, शेफाली निर्मल घोष, डॉ भूमिका, डॉ गौरी शंकर, पार्वती साहू, पूनम राजेश पांडेय, रेखा मदन मोहन गुल्ला, प्रेमलता, रजनी भारत, सुमिता दास, दुर्गा दास गुप्ता, सुमित्रा बसु, अन्नपूर्णा पवार, कांति रजक, सुनीता बाजपेई, मेहर पात्रे, सुरेखा भारती, बबली निषाद, रत्ना सोनी, भोलेनाथ की उपस्थिति रही।

नए साल के पहले दिन भगवान का अशीर्वाद लेकर शुरूवात करने की परंपरा रही है। मंदिरों में इसकी तैयारी शुरू हो चुकी है। मंदिर प्रबंधन और धार्मिक संगठनों द्वारा भी 2025 की विदाई और 2026 के स्वागत पर विभिन्न आयोजन किए जा रहे है। महामाया मंदिर रतनपुर, भैरव बाबा मंदिर, घोंघा बाबा मंदिर, हरदेव लाल मंदिर, तिफरा काली मंदिर, पीतांबरा पीठ सरकंडा में 31 दिसंबर की रात में भजन-कीर्तन होगा, वहीं 1 जनवरी को मां महामाया मंदिर में विशेष श्रृंगार व पूजा की जाएगी।

# नए साल में फूलों से सजेंगे मंदिर, विशेष श्रृंगार व भजन होंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

मंदिरों में भक्तों के दर्शन के लिए विशेष व्यवस्था की जा रही है, विशेष पूजा भी होगी। इसके अलावा यज्ञ, हवन, हनुमान चालीसा, सुंदरकांड का पाठ होगा। ऐसे में नए साल 2026 का स्वागत भक्तिभाव, देवदर्शन और शंखनाद के साथ किया जाएगा।

रतनपुर में साल के पहले दिन लाखों की संख्या में श्रद्धालु दर्शन करने पहुंचते है, जिसको लेकर पुलिस व्यवस्था व पार्किंग की विशेष व्यवस्था रहेगी। इस दिन शहर के सभी मंदिरों में भी बड़ी संख्या में







### 10 क्विंटल बूंदी का प्रसाद बंटेगा

महामाया मंदिर रतनपुर के ट्रस्ट के सतीश शर्मा ने बताया कि नए साल के लिए मंदिर में विशेष तैयारी की जा रही है। गेंदे, गुलाब, सेवंती के फूलों से मंदिर का श्रृंगार होगा। भक्तों के दर्शन में कोई परेशानी न हो, इसके लिए 100 से अधिक वालंटियर लगाए जाएंगे। 10 क्विंटल बूंदी का प्रसाद बंटेगा, 1 जनवरी को मंदिर का पट सुबह 6 बजे खुल जाएगा, रात 9 बजे तक भक्त दर्शन कर पाएंगे। इन्होंने बताया कि साल के प्रथम दिन एक लाख से अधिक श्रध्दालु मंदिर दर्शन करने पहुंचते है,जिसको लेकर पार्किंग व आवागमन की विशेष व्यवस्था की गई है।

### हनुमान मंदिर में महोत्सव

जूना बिलासपुर हनुमान मंदिर के पूजारी मनीष पाठक ने बताया कि मंदिर में तीन दिवसीय महोत्सव मंगलवार से प्रारंभ हो रहा है,प्रथम दिन भगवान की विशेष पूजा-अर्चना की जाएगी। दूसरे दिन भजन-कीर्तन होगा और 1 जनवरी भव्य भंडारा के साथ नए साल का आगमन किया जाएगा।

### शहर के पर्यटन में भी रहेगी जमकर भीड़

शहर से जुड़े पिकनिक स्थल स्मृति वन, कानन पेंडारी, स्मृति वाटिका, वंडर वर्ल्ड,घोंघा जलाशय, खूंटाघाट, औरापानी, भैंसाझार, तालागांव, रतनपुर, खोंद्रा नेचर कैंप, शिवतराई रिसॉर्ट आदि जगहों पर बड़ी संख्या में पर्यटक घूमने पहुंचेगे जिसको लेकर विभाग द्वारा तैयारी की गई है। पुलिस विभाग द्वारा इन जगहों पर बल तैनात किए जाएंगे। उस एरिया के थाने के जवानों के अलावा अलग से भी बल तैनात किए जाएंगे। साथ ही पेट्रोलिंग टीम घुमती रहेगी।

### भैरवबाबा में मंदिर में पूजा व श्रृंगार

भैरवबाबा मंदिर के महंत पं. जागेश्वर अवस्थी ने बताया कि नए साल में मंदिर को फूलों से सजाया जाएगा। विशेष पूजा होगी,भगवान का भव्य श्रृंगार भी किया जाएगा, मंदिर में सुबह से पट खोल दिए जाएंगे। वहीं भक्तों को दर्शन में कोई परेशानी न हो इसके लिए बैरिकेडिंग की जाएगी, पुलिस जवान भी रहेंगे।

आयोजन

## ज्येष्ठ नागरिक संघ की बैठक में पत्रिका का विमोचन



**बिलासपुर।** ज्येष्ठ नागरिक संघ की मासिक बैठक रविवार को अनुभव भवन में विदाई के नाम से आयोजित की गई, इसका मुख्य आकर्षण ज्योति वैष्णव का कत्थक नृत्य रहा, शिव स्तुति पर पर इन्होने शानदार कत्थक नृत्य का प्रदर्शन किया। बैठक में छत्तीसगढ प्रान्तीय वरिष्ठ नागरिक कानफीड रेशन के अध्यक्ष चन्द्र प्रकाश देवरस व संस्था की संरक्षक विद्या गोवर्धन विशेष रूप से मंचासीन रहे। प्रारम्भ में स्वागत उद्बोधन अध्यक्ष अरविन्द दीक्षित ने दिया उन्होने आगामी कार्यक्रम की रूप रेखा बैठक में रखी यह भी बताया कि 15 मार्च को छत्तीसगढ प्रादेशिक वार्षिक सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। चन्द्र प्रकाश देवरस ने पुलिस विभाग के साथ चेतना कार्यक्रम की जानकारी दी तथा दारसागर बेलगहना में बैगा जाति के ग्राम में 150 कम्बल भी जाकर वितरण किया गया व गांव की खुशहाली के लिए ग्राम में नशा मुक्ति का संदेश भी दिया। विद्या गोवर्धन ने वरिष्ठ जनों की समस्या व उनके दुख - सुख में सभी की सहभागिता का उल्लेख किया। इस अवसर में मासिक पत्रिका अनुभवम का विमोचन भी किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से राघवेन्द्र धर दीवान, कोषाध्यक्ष डी पी गुप्ता, प्रभात मिश्रा, सुरेन्द्र शर्मा, नित्यानंद अग्रवाल, सुरेश शर्मा, घन सिंह ठाकुर, इन्द्र सेन अग्रवाल, सतीश पान्डेय, आनन्द दिघस्कर, रामसिंह स्वर्णकार, शैलेन्द्र गोवर्धन, अरविन्द शर्मा, महेश श्रीवास सहित बड़ी संख्या में वरिष्ठ जन उपस्थित रहें।

# भगवान के जयकारे के साथ गुरु भगवंतो का कराया शहर प्रवेश

**बिलासपुर।** आचार्य भगवंत पूज्यश्री महासेन सूरी महाराज और साध्वीजी के बिलासपुर आगमन पर सकल जैन समाज के सदस्यों ने भगवान के जयकारे के साथ गुरु भगवंतो का शहर प्रवेश कराया।

सोमवार को त्रिवेणी डेंटल कॉलेज से सुबह 5 बजे विहार कर महाराणा प्रताप चौक पहुंचे। जहां सकल जैन समाज के सदस्यों ने भव्य अगुवानी की। इसके बाद समाज के संरक्षक विमल चोपड़ा के नेहरू नगर स्थित निवास स्थान में पहुंचकर भगवान की पूजा- अर्चना की गई। वहां से विहार कर सामुदायिक भवन नर्मदा नगर पहुंचे। जहां प्रवचन हुआ।

आचार्य भगवंत पैदल विहार कर बिलासपुर से अंबिकापुर होते हुए वाराणसी, बनारस जाएंगे । समाज के सदस्य भगवंतों की गोचरी, पानी की व्यवस्था का लाभ ले रहे हैं। विहार सेवा में संजय छाजेड़, संजीव चोपड़ा, तुषार मेहता, कुणाल भयानी, अभिनव, गौरव डाकलिया, प्रवीन कोचर, रूपेश गोलछा, सारंग, मयंक चोपड़ा, अमित गोलछा, विनोद लुनिया एवं अमरेश जैन सहयोग कर रहे हैं। प्रवचन के समय सकल जैन समाज, तेरापंथ समाज, गुजराती जैन समाज एवं दिगंबर जैन समाज लोग उपस्थित थे ।



### भगवान की आराधना करने से खत्म हो जाएगी आसक्ति

आचार्य महासेन सुरी ने अपने प्रवचन में कहा कि आत्मा योग करने से शरीर का रोग खत्म हो जाता है। हम बोलते हैं कि धर्म के लिए समय नहीं है पर हमें समय निकालना होगा। भगवान , संसार इन सब के लिए समय निकालना होगा। जिंदगी का कोई भरोसा नहीं है, इसलिए बार-बार भगवान को याद करें।

### नवकार मंत्र में पापों का नाश करने की होती है ताकत

मुनिश्री सिद्ध सेन ने कहा कि पूरे दिन मेहनत हम दो रोटी के लिए कर रहे हैं लेकिन परिवार में दूसरे सदस्यों को दो रोटी नहीं मिल रही है तो हमारी कमाई किसी काम की नहीं है। नमस्कार महामंत्र के स्वरूप से महावीर को सम्यक ज्ञान की प्राप्ति हुई थी। नवकार मंत्र में पापों का नाश करने की ताकत होती है।

# पंजाबी संस्था के स्थापना दिवस पर माता की चौकी

### इनडोर गेम्स, शतरंज, अंत्याक्षरी और कैरम का मुकाबला

**बिलासपुर।** पंजाबी संस्था के 59वें स्थापना दिवस का कार्यक्रम रविवार को ईमलीपारा स्थित पंजाबी संस्था भवन में आयोजित किया गया। करिश्मा म्यूजिकल ग्रुप के राम सिंह परिहार और उनके साथी कलाकारों ने माता के भजन और भेंटों से समां बांध दिया।

माता की चौकी के बाद अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति में पंजाबी संस्था के स्थापना माह महोत्सव के दौरान हुई खेलकूद व सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं के विजेताओं को ट्रॉफी व उपहार देकर पुरस्कृत किया गया। संस्था ने शुरुआत में हेल्थ कैंप का आयोजन किया था। शिविर में हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ राकेश सहगल, वात रोग विशेषज्ञ डॉ अमित दुआ, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ राकेश जुनेजा व डॉ सोनल जुनेजा, दन्त रोग विशेषज्ञ डॉ अंकुर ठकराल और डॉ प्राची ठकराल, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ अनुश्री तथा नाक-कान-गला रोग विशेषज्ञ डॉ अंकित ठकराल तथा उनकी टीम मौजूद थी। इस मौके पर अध्यक्ष अशोक ऋषि और महिला संस्था की अध्यक्ष योगिता दुआ के साथ महासचिव जगदीश दुआ, राजकुमार कोहली, अनुज त्रेहान, गौरव ऐरी, प्रिंस मल्होत्रा, रवि खन्ना, राजेश दुआ तथा मानसी मलिक, रजनी ऋषि, नमिता ऋषि, रत्ना हिंदुजा, सरिता सलूजा, सोनम सलूजा, छाया ठकराल, संगीता सानन, कमला ढोडी, हर्ष वाला सग्गर, रेनू चोपड़ा, जगजीत सलूजा, सीमा दुआ सहित सभी सदस्य उपस्थित थे ।



### स्पर्धा में यह रहे विजेता

शतरंज में विजेता रोचित बतरा तथा छाया ठकराल, श्रुति घई और अंशवीर खनूजा उप विजेता रहे। लूडो में जगजीत सलूजा रहीं जबकि छाया ठकराल उप विजेता रहीं। कैरम बोर्ड स्पर्धा में अनुज त्रिहान और कु अर्शिका सलूजा को विजेता और प्राची मल्होत्रा तथा सीमा दुआ को उप विजेता घोषित किया गया। अंत्याक्षरी प्रतियोगिता में आरती कोचर, रिंकी सलूजा, शर्लिन सलूजा और सुनीता खनूजा को विजेता तथा नमिता ऋषि, रेणु चोपड़ा, शिखा सलूजा और सोनल सलूजा को उप विजेता के तौर पर पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम के दौरान पंजाबी संस्था के अध्यक्ष अशोक ऋषि ने दो अध्यक्षीय पुरस्कार भी प्रदान किये। दोनों संस्थाओं में वर्ष भर उत्कृष्ट कार्य करने तथा सक्रिय रहने के लिए राजेश दुआ तथा मानसी मलिक को मेंबर ऑफ द इयर अवार्ड से नवाजा गया।

# सिंधी समाज ने जीता सोसाइटी प्रीमियर लीग क्रिकेट का फाइनल

स्पोर्टर्स न्यूज

**बिलासपुर।** फाउंडेशन क्रिकेट एकेडमी खेल मैदान में आयोजित सोसाइटी प्रीमियर लीग फ्लड लाइट क्रिकेट प्रतियोगिता में सिंधी समाज की टीम ने सोसाइटी प्रीमियर लीग ट्राफी जीत लिया है। आज फाउंडेशन क्रिकेट एकेडमी खेल मैदान में जोरदार आतिशबाजी की गई।

विजेता टीम सिंधी समाज को सोसाइटी प्रीमियर लीग ट्रॉफी के साथ 41 हजार 111 रुपए का नकद पुरस्कार प्रदान किया गया। उपविजेता टीम क्रिश्चियन समाज को ट्रॉफी के साथ ही 21 हजार 111 रुपए का नकद पुरस्कार दिया गया। मैन ऑफ द सीरीज का पुरस्कार क्रिश्चियन समाज के दिलीप कुजूर को दिया गया। स्पोर्ट्स साइकिल प्रदान की गई। दिलीप ने पूरे टूर्नामेंट में 81 रन बनाया 9 विकेट लिए। फाइनल मैच में मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार मनी को दिया गया।

सोसाइटी प्रीमियर लीग फाइनल मैच समापन कार्यक्रम में खिलाड़ियों को पुरस्कार प्रदान किए। विधायक अटल श्रीवास्तव ने कहां की प्रिंस भाटिया ने सभी समाज को खेल के मैदान में एक बड़ा प्लेटफार्म दिया है। पूजा मक्कड़ ने कहा कि 32 टीमों को एक मैदान मिलकर जोड़ा है यह काम प्रिंस भाटिया कर सकते हैं। पूर्व विधायक बैजनाथ चंद्राकर ने कहा कि श्री भाटिया खिलाड़ियों को अच्छा अवसर दे रहे हैं। अर्जुन तिवारी, प्रियंक परिहार ने गफ्फार भाई को श्रद्धांजलि दी।






### फाउंडेशन क्रिकेट एकेडमी का प्रयास सराहनीयः धर्मजीत सिंह

तखतपुर विधायक धर्मजीत सिंह ने कहा कि सोसाइटी प्रीमियर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता में सामाजिक रूप से लोगों को अंतरंग होने और लोगों को अवसर देने का काम फाउंडेशन क्रिकेट मैदान में हो रहा हैं। स्व गफ्फार इस शहर के मसीहा थे। हम सबको उनसे प्रेरणा लेनी चाहिए। जीवन के अनमोल पल उन्होंने गरीबों की सेवा में बिताया। बाकी लोग भी गफ्फार भाई से प्रेरणा लेकर जन सेवा करेंगे।

### स्व. शेख गफ्फार ने सभी के दिलों में अपनी जगह बनाई थी : भाटिया

फाउंडेशन क्रिकेट एकेडमी के चेयरमैन प्रिंस भाटिया ने स्व. शेख गफ्फार को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए कहा कि उनकी स्मृति में लगातार साल से सोसाइटी प्रीमियर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। वे सभी के दिलों में अपनी जगह बनाई थी।सभी समाज के वे लोकप्रिय नेता थे। उनके नाम को हमेशा याद रखा जाए। इस आयोजन का उद्देश्य शहर में लोग उन्हें हमेशा याद रखें। इस क्रिकेट टूर्नामेंट में 32 समाज की टीम ने यहां अपना प्रदर्शन किया। सभी के सहयोग से संभव हो सका। उन्होंने सभी के प्रति प्रति आभार जताया।

### खिलाड़ियों को प्रतिभा दिखाने का मिलता है अवसर : मेयर

महापौर पूजा विधानी ने कहा कि प्रिंस भाटिया ने 32 समाज के लोगों को एक मंच पर एक मैदान पर खेलने का मौका दिया। बिलासपुर के खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर दिया। फाउंडेशन क्रिकेट खेल मैदान से खिलाड़ी बहुत कुछ सीख कर जाते हैं। उन्होंने श्री भाटिया के इस पहल की सराहना की।

### फाइनल मैच में शानदार प्रदर्शन किया

फाइनल मैच सिंधी समाज और क्रिश्चियन समाज के बीच फाइनल मैच खेला गया सिंधी समाज ने टास जीतकर क्रिश्चियन समाज को बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया। क्रिश्चियन समाज ने निर्धारित सात ओवर मे 80 रन बनाएं। जिसके जवाब में सिंधी समाज के खिलाड़ियों ने एक ओवर पहले ही लक्ष्य को प्राप्त कर लिया और दो विकेट से फाइनल में जीतकर सोसाइटी प्रीमियर लीग ट्रॉफी पर कब्जा कर लिया है। और 6 ओवर में ही शानदार जीत हासिल किया। तीसरे स्थान के लिए बंगाली और ठाकुर समाज के बीच मैच हुआ जिसमें ठाकुर समाज ने एक विकेट से मैच जीत हासिल किया।

### पुरस्कार वितरण कार्यक्रम के अतिथि

आज फाइनल मैच के पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में अतिथि गुरमीत सिंह भाटिया, विधायक तखतपुर धर्मजीत सिंह, कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव, महापौर पूजा विधानी, पूर्व विधायक बैजनाथ चंद्राकर पूर्व बीडीए अध्यक्ष अनिल टाह, तखतपुर नगर पालिका की अध्यक्ष पूजा मक्कड़, संजू मक्कड़, अर्जुन तिवारी, राजकुमार तिवारी, महेश दुबे,डॉ राम कश्यप, राकेश तिवारी, विनोद मेंघानी, मुरली नेभानी, प्रियंक परिहार, रजनीश तिवारी पप्पू शर्मा, विजय अग्रवाल, मनीष अग्रवाल ,समीर अहमद, राजा अवस्थी ने खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया।

स्व. उषा देवी भंडारी क्रिकेट

# शौर्य फाइटर्स की टीम पहुंची अगले राउंड में

स्व. उषा देवी भंडारी की स्मृति में आयोजित फ्लड लाइट टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता के पहले मुकाबले में शौर्य फाइटर्स की टीम ने वायसीसी बिलासपुर की टीम को हराकर अगले राउंड में प्रवेश कर लिया है।

जिला खेल परिसर में आयोजित प्रतियोगिता के उद्घाटन मैच में वायसीसी बिलासपुर की टीम ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी टीम शौर्य फाइटर्स की टीम ने निर्धारित 10 ओवरों में 8 विकेट खोकर 97 रन बनाए। 98 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी वाय सी सी बिलासपुर की टीम निर्धारित 10 ओवरों में 9 विकेट खोकर मात्र 58 रन ही बना सकी। शौर्य फाइटर्स ने यह मैच 39 रनों से जीत लिया। खिलाड़ी अंकुर को मैन ऑफ द मैच चुना गया। मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री एवं विधायक अमर ने कहा कि प्रत्येक वर्ष कुछ न कुछ नया देखने को मिलता है। उन्होंने प्रमुख निक्कू भंडारी और उनकी पूरी टीम के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इन सभी की लगन और खेल प्रेम का ही परिणाम है कि इस आयोजन के कारण भी बिलासपुर का नाम पूरे देश में हो रहा है देश भर से टीमें हमारे बिलासपुर में आकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रही है जो कि सराहनीय है।



कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला ने कहा कि मेरे लिए बड़े ही हर्ष का विषय है इस इतना बड़ा आयोजन उनके क्षेत्र में हो रहा है। प्रतियोगिता की इनामी राशि 11 रुपए पूरे देश में सबसे अधिक इनामी राशि है। नगर निगम की महापौर पूजा विधानी ने कहा कि जैसी तैयारियों और सुविधाओं के साथ यह प्रतियोगिता हो रही है, उसे देख कर वास्तव में बहुत प्रसन्नता हो रही है। इस दौरान सभापति विनोद सोनी, भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक सिंह ठाकुर, पार्षद एवं एमआईसी सदस्य विजय ताम्रकार, भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्रवीण दुबे, भाजपा पार्षद एवं एमआईसी सदस्य रूपाली गुप्ता एवं रेखा ओमप्रकाश पाण्डेय, आयोजन समिति के प्रमुख ईशान भंडारी सहित बड़ी संख्या में खिलाड़ी मौजूद थे।

## खबर संक्षेप



### श्रीराम कथा में शामिल हुए सैकड़ों श्रद्धालु

**मुंगेली।** श्रीरामचरितमानस सम्मेलन समिति की ओर से आयोजित मानस सम्मेलन में चौथे दिन नीलगिरी आश्रम मध्यप्रदेश से आए हुए पंडित कपिल कुमार शर्मा मानस मधुकर ने श्रीराम कथा का वर्णन किया। उन्होंने अयोध्या में राज्याभिषेक के समय श्रीराम की दुविधा का वर्णन किया गया। इस मौके पर कथा श्रवण करने बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

### अटलजी के जन्मशताब्दी वर्ष को लेकर बैठक आज

**तखतपुर।** पूर्व प्रधानमंत्री स्व अटल बिहारी वाजपेयी का जन्मशताब्दी वर्ष सुशासन दिवस के रूप में मनाने 30 दिसम्बर को सुबह 11 बजे मोहन वाटिका तखतपुर में बैठक आयोजित की गई है। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में महासमुंद सांसद रूप कुमारी चौधरी, विधायक धर्मजीत सिंह, पूर्व महापौर किशोर राय प्रमुख रूप से उपस्थित रहेंगे।

### अहिल्याबाई त्रिजन्म शताब्दी कार्यक्रम 1 से

**तखतपुर।** गडरिया समाज के वरिष्ठ नागरिक नारायण प्रसाद पाली ने बताया है कि छग प्रदेश में प्रशासनिक अधिकारी, कवि, शिक्षक विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर एवं साहित्यकार प्रबुद्ध नागरिकों तक वीरांगना लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर त्रिजन्म शताब्दी वर्ष अंतर्गत छायाचित्र भेंट कर उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व की जानकारी गड़रिया समाज के साथ-साथ समस्त मानव समाज तक पहुंचने का कार्य 1 जनवरी से शुरू किया जाएगा।

### प्रभु श्रीराम के जीवन चित्रण पर झांकी प्रस्तुत

**तखतपुर।** टिकरीपारा में आयोजित रामलीला रामायण महोत्सव में प्रतिदिन भगवान राम के जन्म से लेकर उनके जीवन पर आधारित प्रत्येक जीवन चित्रण पर जीवंत झांकी प्रस्तुत की जा रही है। इसी क्रम में आयोजन में 30 दिसम्बर को मेघनाथ और कुंभकरण वध, 31 दिसम्बर को रावण का वध और श्रीराम के राज्य अभिषेक की झांकी प्रदर्शित की जाएगी। कार्यक्रम में महंत रोहिणी प्रसाद उपाध्याय, संचालक श्रीराम प्रभु उपाध्याय है।

## निधन

### शीला देवी सिदारा



**बिलासपुर।** जूना बिलासपुर निवासी शीला देवी सिदारा का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 29 दिसंबर सोमवार को मधुबन मुक्तिधाम (संत कंवर राम शमशान ग्रह) दयालबंद में किया गया। वे स्वः सौतोमल सिदारा की पत्नी, हरीश, गुरमुख, सनमुख, लक्ष्मण सिदारा की माता थीं।

### कुंजराम टण्डन



**तखतपुर।** ग्राम मौहाभाठा निवासी कुंजराम टंडन का 62 वर्ष की आयु में 26 दिसम्बर को निधन हो गया। इनका अंतिम संस्कार गृहग्राम मौहाभाठा में किया गया। वे महेश टण्डन, लल्ला, भूरी टंडन, रेखा टंडन, सरोज, सुनीता पात्रे के पिता एवं सरपंच गेंदूराम टंडन के भाई थे।

### नर्मदा देवी डहरिया



**मोपका।** वार्ड - 47 के प्रतिष्ठित नागरिक सूर्यवंशी समाज के जिला अध्यक्ष नंदकिशोर डहरिया की माता श्रीमती नर्मदा देवी डहरिया का 28 दिसंबर को निधन हो गया। वे 87 वर्ष की थीं। वे विजयदेवी, विश्वनाथ, त्रिवेणी देवी की मां थी। इनकी अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में सामाजिक व ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

### महेत्तर राम कश्यप



**बेलतरा।** ग्राम भाड़ी के प्रतिष्ठित व्यक्ति महेत्तर राम कश्यप उम्र 78 वर्ष का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार कार्यक्रम उनके गृह ग्राम भाड़ी में संपन्न हुआ। वे पवन कुमार, भानु एवं प्रहलाद कश्यप के पिता थे।

## एटीआर में वन महोत्सव का आयोजन, अधिवक्ताओं का किया गया सम्मान

# आदिवासी संस्कृति की रक्षा में करें सहयोग: तोखन

हरिभूमि न्यूज ⏭ लोरमी

लोरमी अचानकमार टाईगर रिजर्व क्षेत्र के ग्राम शिवतराई में जंगल मितान की ओर से वन महोत्सव कार्यक्रम की आयोजन किया गया। कार्यक्रम केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू के मुख्य आतिथ्य, तखतपुर विधायक धर्मजीत सिंह एवं महंत विवेक गिरी गौरकापाधाम के विशिष्ट आतिथ्य में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में बिलासपुर के अधिवक्ता सहित तहसील अधिवक्ता संघ बिलासपुर, कोटा, बिल्हा, तखतपुर, रतनपुर, सीपत, मस्तुरी एवं सकरी के अधिवक्ता शामिल हुए।

कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ राज्य अधिवक्ता परिषद के नवनिर्वाचित सदस्यगण शैलेन्द्र दुबे, प्रभाकर सिंह चंदेल, चन्द्र प्रकाश जांगडे, रुपेश त्रिवेदी, आलोक कुमार गुप्ता, अनील सिंह चैहान, रवि सिंह राजपूत तथा छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के दोबारा नियुक्त अतिरिक्त महाधिवक्ता आशीष शुक्ला, पूर्णेन्दू कुमार भट्ट को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि तोखन साहू ने कहा कि, जंगल में हजार अधिवक्ता की उपस्थिति से यह स्पष्ट है कि, अधिवक्ता बहनों एवं भाइयो का प्रकृति और आदिवासी संस्कृति से लगाव है। उन्होंने उपस्थित अधिवक्ताओं से आदिवासियों के संस्कृति की रक्षा एवं आर्थिक रूप से अत्यधिक कमजोर आदिवासियों को सुलभ न्याय दिलाने में सहयोग करने की अपील करते हुए उक्त आयोजन की सराहना की। उन्होंने कहा, ऐसे आयोजन सतत होते रहना चाहिए। उन्होंने कार्यक्रम आयोजन हेतु जंगल मितान संरक्षक चन्द्रशेखर बाजपेयी को धन्यवाद दिया। तखतपुर विधायक धर्मजीत सिंह ने अपने पुराने विधानसभा क्षेत्र लोरमी के अचानकमार टाइगर रिजर्व क्षेत्र में कराए गए कार्यो की जानकारी देकर वर्तमान विधानसभा क्षेत्र तखतपुर के कोपरा जलाशय को राष्ट्रीय स्तर पर “रामसर स्थल” का दर्जा दिलाने के लिए तोखन साहू को धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होने अधिवक्ताओं के लंबित ‘एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट ‘को लागु करने हेतु फरवरी में होने वाले विधानसभा सत्र में अधिवक्ताओं की पैरवी करने का आश्वासन दिया। विशिष्ट अतिथि महंत विवेक गिरी महराज ने सभी उपस्थित अधिवक्ताओं को आशीर्वाद देकर अच्छे कर्म कर, न्याय के लिए आगे आकर कार्य करने तथा जीवन में अच्छा प्रतिफल प्राप्त करने के लिए प्रयास करने का सन्देश देकर सभी के स्वस्थ रहने, प्रसन्न रहने की मंगल कामना की।



कार्यक्रम को संबोधित करते केंद्रीय मंत्री तोखन साहू।

### ये रहे मौजूद

कार्यक्रम में हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति सीबी बाजपेयी, स्वामी निजानंद महाराज, स्वामी शिवसहाय महाराज, पूर्व विधायक चन्द्र प्रकाश बाजपेयी, अरुण सिंह चैहान, जिला अधिवक्ता संघ बिलासपुर के विनोद यादव, पीआर श्रीवास, हरीश चेलकर, वरिष्ठ अधिवक्ता एमके पाठक, नारायण सोनी, अशोक ठाकुर, हर्ष बनाफर, सुरेश पांडे, रत्नेश अग्रवाल, मनु मिश्रा, सुरेन्द्र सिंह राजपूत, सेवक राम राठौर, मनोज सिंह, गोपी जसवानी, कृष्णा खत्री, आनंद कंद तिवारी, अजय पाण्डेय महिला अधिवक्ताओं में ज्योति गुप्ता, वीणा सोनर, वीणा तिवारी, नुपुर पाल, श्वेता शास्त्री, दीपाली मजुमदार, गीता मेसराम, लीना अग्रहरी, राधा रजक, श्रद्धा राव, कल्पना सिंह सहित एक हजार से अधिक अधिवक्ता शामिल रहे।

### जनहित में कार्य करने की अपील

उक्त कार्यक्रम को राज्य अधिवक्ता परिषद के सदस्य शैलेन्द्र दुबे ने संबोधित कर अधिवक्ताओं के हित में अपने उद्गार व्यक्त करते हुए अधिवक्ताओं से जनहित में कार्य करते रहने की अपील की। कार्यक्रम का सफल संचालन वरिष्ठ अधिवक्ता राजेश दुबे एवं आभार प्रदर्शन रुपेश त्रिवेदी ने किया। उक्त कार्यक्रम के आयोजक एवं जंगल मितान के संरक्षक अधिवक्ता चंद्रशेखर बाजपेयी ने बताया कि उक्त कार्यक्रम पिछले 8 वर्षो से आयोजित किया जा रहा है, जिसमे सैंकड़ो की संख्या में महिला एवं पुरुष अधिवक्ताओं को प्रकृति के सानिध्य में, आदिवासी परिवारों के रहन सहन को समझने व जानने हेतु वन भ्रमण कराया जाता है जिसमे वन रक्षा, जीव जंतु रक्षा, स्वच्छता एवं पोलिथीन उपयोग पर प्रतिबंध के साथ आदिवासी संस्कृति से रूबरू कराकर छत्तीसगढ़ी संस्कृति के अनुसार छत्तीसगढ़ी व्यंजनों का तथा आदिवासी बच्चियों का पारंपरिक नृत्य, उत्सवो का आनंद कराया जाता है।

### छत्तीसगढ़ी व्यंजन का लिया आनंद

इस वर्ष उक्त आयोजन 28 दिसंबर को जंगल मितान शिवतराई में किया गया जिसमे सैंकड़ो की संख्या में महिला-पुरुष एवं अधिवक्ता उपस्थित रहे एवं छत्तीसगढ़ी व्यंजन का आनंद लिए। कार्यक्रम में आदिवासी लोक नृत्यों का प्रदर्शन किया गया एवं आदिवासी बालिकाओं को अधिवक्ता सुश्री विजय लक्ष्मी शराफ ने 5 हजार रुपयए नकद एवं प्रत्येक को टिफिन बॉक्स प्रदान किया। साथ ही अधिवक्ता संपा शराफ पाठक, स्नेहलता जायसवाल, कविता आर्या, मीनाक्षी राठौर ने प्रत्येक को ऊनी शाल प्रदान कर सम्मानित किया। धनुष संचालन का प्रदर्शन संतोष खंडेलवाल ने किया। इस मौके पर अत्याधुनिक टेलिस्कोप लगाकर वन यात्रियों को सौर मंडल का नजारा दिखाया गया।



# बेलतरा में विकास की सौगात: 2696 लाख रुपयों के कार्यों का भूमिपूजन

**बेलतरा।** बेलतरा विधानसभा क्षेत्र में विकास को नई गति देते हुए विधायक सुशांत शुक्ला ने एक बार फिर करोड़ों रुपए के विकास कार्यों का भूमिपूजन कर क्षेत्रवासियों को बड़ी सौगात दी है। सोमवार को उन्होंने ग्राम गोंदिया, नेवसा एवं परसाही में महतारी सदन, जल संसाधन विभाग के महत्वपूर्ण कार्यों, सीसी रोड एवं पीडीएस गोदाम सहित विभिन्न निर्माण कार्यों की आधार शिला रखी।

■ विधानसभा का समग्र विकास मेरी सर्वोच्च प्राथमिकता: सुशांत

भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान विधायक सुशांत शुक्ला ने कहा कि, बेलतरा विधानसभा का समग्र विकास मेरी सर्वोच्च प्राथमिकता है। किसानों को बेहतर सिंचाई सुविधा, गांवों में पक्की सड़कें, जल संरचनाओं का सुदृढ़ीकरण और आवश्यक बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराना हमारा लक्ष्य है। आज एक साथ इतने बड़े पैमाने पर विकास कार्यों की स्वीकृति दिलाकर हमने बेलतरा में एक नई परंपरा की शुरुआत की है। आने वाले समय में बेलतरा विधानसभा को विकास के मामले में एक आदर्श विधानसभा के रूप में पहचानी जाएगी। भूमिपूजन कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सुर्यवंशी, बिल्हा जनपद अध्यक्ष रामकुमार कौशिक, रतनपुर नगर पंचायत अध्यक्ष लवकुश कश्यप, जिला महामंत्री जनक देवांगन, उमेश गौरहा, मणीदास मानिकपुरी, मनीष कौशिक, मण्डल महामंत्री भरत कश्यप, लक्ष्मी सिन्हा,पेशीराम जायसवाल, दिलहरन साहू, प्रकाश कमलसेन, विजय साहू, मनोज पटेल,सुनील श्रीवास, बुद्धनाथ पैगोर, अंजनी सुर्यवंशी, कुंती मेहर ,रूखमणी साहू,अंकुर सिंह ,अनिल पांडेय, दिनेश सिंह, सतानंद, अरुण खरे, जल संसाधन विभाग एवं पंचायत के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

# बरेला हत्याकांड का खुलासा जमीन विवाद बना हत्या की वजह

5 आरोपियों को भेजा गया जेल 5 अब भी गिरफ्त से बाहर

**जरहागांव।** जरहागांव थाना क्षेत्र के बरेला में शुक्रवार को बैंक से निकलते समय युवक का फिल्मी अंदाज में अपहरण कर हत्या मामले का खुलासा करते हुए पुलिस ने 5 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया, जबकि 5 आरोपी अब भी फरार बताए जा रहे हैं। जानकारी के मुताबिक जमीन विवाद को लेकर आरोपियों ने वारदात को अंजाम दिया है। फिलहाल पुलिस संदेहियों से पूछताछ कर अन्य आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है। पुलिस के अनुसाक मामले में आरोपियों की संख्या बढ़ सकती है एवं जल्द ही कुछ बड़े खुलासे हो सकते हैं।

जानकारी के अनुसार घटना शुक्रवार 26 दिसंबर की है, दरअसल राजकुमार धुरी पिता बेनीराम धुरी उम्र 21 वर्ष अपने निजी काम से पंजाब नेशनल बैंक गया हुआ था। दोपहर करीब 2.30 से 3 बजे के बीच वह बैंक से बाहर निकला, इसी दौरान पहले से घात लगाए छोटू साहू, रवि, चिन्टू साहू, पिन्टू साहू, कान्हा पटेल, बफरीन ऊर्फ समीर ने अन्य साथियों के साथ मिलकर कार से उसका अपहरण कर लिया। आरोपियों ने राजकुमार को दूसरी जगह ले जाकर उसके साथ जमकर मारपीट करते हुए उसे अधमरा कर दिया। इसके बाद शाम करीब 6 बजे बदमाशों ने राजकुमार को गंभीर हालत में उसके घर के बाहर छोड़ कर फरार हो गए। राजकुमार को तड़पता देख उसके परिजन परिजन तत्काल उसे लेकर अस्पताल पहुंचे, जहां परीक्षण के बाद डॉक्टर्स ने उसे मृत घोषित कर दिया। मेडिकल रिपोर्ट में मारपीट में लगी चोट के कारण उसकी मृत्यु की पुष्टि की गई, जिसके आधार पर पुलिस ने मर्ग कायम कर आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 140(1), 103(2), 61(1)(ठ) के तहत अराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। मामले की त्वरित जांच शुरू करते हुए थाना प्रभारी नन्दलाल पैकरा ने मृतक के परिजन एवं मौके पर मौजूद गवाहों का कथन लिया एवं आरोपियों की सरगर्मी से तलाश शुरू की गई।

जमीन विवाद को लेकर हुई हत्या जानकारी के अनुसार आरोपियों ने जमीन विवाद को लेकर युवक की हत्या को अंजाम दिया है। प्रकरण के आरोपी संतोष साहू का मृतक के पिता बेनीराम धुरी के साथ जमीन ब्रिकी को लेकर आए दिन विवाद होता रहता था। घटना के 2 दिन पहले भी आरोपियों ने बेनीराम धुरी को जमीन का सौदा नहीं करने को लेकर जान से मारने की धमकी दी थी। इसी बीच राजकुमार धुरी बिलासपुर से घर आया हुआ था, और निजी काम से पंजाब नेशनल बैंक गया हुआ था। राजकुमार के बैंक से निकलते ही आरोपियों ने उसको जबरदस्ती कार क्रमांक एचपी 38 एफ 2528 में बैठा कर अपने साथ ले गए, और वारदात को अंजाम दिया।



### संदेहियों से पूछताछ जारी

विवेचना के दौरान पुलिस ने घटना स्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। साथ ही सीसीटीवी सहित अन्य माध्यमों से प्रकरण के फरार आरोपियों के संबंध में जानकारी एकत्र की जा रही है। जानकारी के मुताबिक पुलिस नगर के एक पार्षद से भी पूछताछ कर रही है। पार्षद को पूछताछ के लिए ले जाने की खबर से नगर में राजनीतिक सरगर्मी भी तेज हो गई है। सूत्रों के अनुसार मामले में और भी कई बड़े खुलासे हो सकते हैं एवं आरोपियों की संख्या बढ़ सकती है।

### 5 आरोपियों को भेजा जेल

मुखबिर की सुचना एवं तकनीकी सहायता से पुलिस ने आरोपी संतोष कुमार साहू पिता लतेलराम साहू उम्र 56 वर्ष निवासी बरेला, पोमेश पिता जितेन्द्र साहू उम्र 27 वर्ष निवासी हथनीपारा भाठापारा बलौदाबाजार, सोनू राम साहू पिता कोदुराम साहू उम्र 45 वर्ष ग्राम घोघरा नवागढ़ बेमेतरा, उत्तम साहू पिता प्रकाश उम्र 28 वर्ष निवासी श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड भाठापारा बलौदाबाजार, समीर कोशले पिता रमेश उम्र 19 वर्ष निवासी बरेला को हिरासत मे लेकर पूछताछ की। पूछताछ में सभी आरोपियों ने एक साथ मिलकर षड्यंत्र कर हत्या को अंजाम देने की बात स्वीकर की। साथ ही प्रकरण में अपराध करने के बाद भगाने एवं साधन उपलब्ध कराने तथा साक्ष्य छिपाने को लेकर धारा 238(1) बीएनएस अलग से जोड़ी गई।

### 20 आरोपियों के होने के संभावना

बरेला में हुई हत्या के षड्यंत्र में शामिल 5 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया, वहीं अपहरण करने में शामिल 5 आरोपी फरार हैं। उक्त प्रकरण में 20 आरोपी होने के संभावना है, जिनकी पुख्ता जानकारी के बाद प्रेस कांफ्रेंस के दौरान खुलासा किया जाएगा।

**- मयंक तिवारी,** एसडीओपी मुंगेली

# अटलजी ने छत्तीसगढ़ को अलग पहचान दिलाई: रजनीश

**सीपत।** पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की स्मृति को चिरस्थायी बनाने और उनके विचारों को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से भारतीय जनता पार्टी की ओर से अटल अमृत वर्ष विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन का भव्य आयोजन सोमवार को सीपत के मंगल भवन में किया गया।

सम्मेलन में जिला सहकारी बैंक के नवनियुक्त अध्यक्ष रजनीश सिंह की विशेष उपस्थिति रही। अध्यक्ष बनने के बाद पहली बार सीपत पहुंचे रजनीश सिंह का मस्तूरी विधानसभा के कार्यकर्ताओं ने जोशीले नारों और आत्मीय स्वागत के साथ अभिनंदन किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि, अटल बिहारी वाजपेयीजी 60 वर्षों से अधिक समय तक निर्विवाद, निष्कलंक और सिद्धांतवादी राजनीति के पुरोधा रहे। अटलजी के व्यक्तित्व और कृतित्व को शब्दों में समेटना सूर्य को दीपक दिखाने के समान है। उन्होंने कहा कि, भारत के इतिहास को भूलना नहीं चाहिए। हमारी संस्कृति, ज्ञान और संस्कार सुरक्षित हैं, तो यह अटल जी की देन है। रजनीश सिंह ने कहा कि, यदि किसी भी सरकारी दस्तावेज में छत्तीसगढ़ का नाम लिखा है, तो वह अटल बिहारी वाजपेयी जी की दूरदर्शिता का परिणाम है। उन्होंने कार्यकर्ताओं को मतदाता सूची को चुनाव परिणाम की कुंजी बताते हुए इसे गंभीरता से लेने की अपील की और कहा कि, आने वाला समय भाजपा का स्वर्णिम काल होगा। विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित बिलासपुर महापौर पूजा विधानी ने कहा कि, अटल बिहारी वाजपेयी जी ने छत्तीसगढ़ को अलग पहचान दिलाई और भारत के मानचित्र में सम्मानजनक स्थान दिलाया। उन्होंने कहा कि अटल जी केवल राजनेता नहीं, बल्कि श्रेष्ठ कवि, संवेदनशील रचनाकार और दूरदर्शी चिंतक थे, जिनका योगदान हर क्षेत्र में अविस्मरणीय है। भाजपा जिलाध्यक्ष मोहित जायसवाल ने कहा कि, अटल जी की स्मृतियों और विचारों को हर कार्यकर्ता तक, बूथ स्तर तक पहुंचाना संगठन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। सम्मेलन को किसान मोर्चा के वरिष्ठ नेता द्वारिकेश पांडेय एवं पूर्व सीपत भाजपा मंडल अध्यक्ष दीपक शर्मा ने भी संबोधित किया। इस दौरान संगठनात्मक गतिविधियों को लेकर मंडलों से कार्यकर्ताओं की उपस्थिति की समीक्षा भी की गई एवं लोहरसी और मल्हार मंडल की कम उपस्थिति पर नाराजगी जाहिर की गई। साथ ही एसआईआर, मतदाता सूची में नाम जोड़ने–हटाने की प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी गई।

■ स्व अटल की स्मृति में भाजपा का विस स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन



कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि।

### कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थिति

कार्यक्रम में मंच पर प्रमुख रूप से जिलाध्यक्ष मोहित जायसवाल, वरिष्ठ नेता द्वारिकेश पांडेय, जिला महामंत्री एस मनहर, वरिष्ठ नेता मनहरण लाल यादव, जिला उपाध्यक्ष राज्यवर्धन कौशिक, नागेश्वरी साहू, जिला मंत्री प्रणव शर्मा, भाजपा मंडल अध्यक्ष दीपक शर्मा, मंडल अध्यक्ष विवेक त्रिपाठी, रविन्द्र पटेल, अजा मोर्चा के प्रदेश महामंत्री चंद्रप्रकाश सूर्या, लक्ष्मी यादव, रवि बरगाह, रंजित सिंह, राजकुमार साहू, दिग्विजय सिंह, कोषाध्यक्ष राजेश, लक्ष्मी उपस्थित रहे। इसके अलावा राजकुमार कौशिक, बलराम पाटनवार, अभिलेष यादव, मन्नू सिंह, रामनिहोर सूर्यवंशी, मदनलाल पाटनवार, पूर्व जिला पंचायत सदस्य नूरी दिलेंद्र कौशिल, अमर सिंह, देवेश शर्मा, महामंत्री हरिकेश गुप्ता, बांके बिहारी गुप्ता, महामंत्री हरिकेश गुप्ता, सतीश पाटनवार, आशीष बांकरे, विशेष आमंत्रित सदस्य ललित यादव, भाजयुमो सीपत मंडल अध्यक्ष तुषार चंद्राकर, मुरली मनोहर बिंद, रेवाशंकर साहू, रामशरण गुप्ता, रामकुमार कुंभकार, मनबोध साहू, पुष्पेंद्र दास मानिकपुरी सहित मस्तूरी विधानसभा के बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन सीपत भाजपा मंडल महामंत्री हरिकेश गुप्ता तथा आभार प्रदर्शन जिला महामंत्री एस मनहर ने किया।

# बैगा ग्राम बिरारपानी में क्षय एवं कुष्ठ उन्मूलन जनजागरूकता शिविर

**मुंगेली।** राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत कुष्ठ रोग के संक्रमण की रोकथाम एवं समय पर उपचार सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कलेक्टर कुन्दन कुमार के निर्देशानुसार 31 दिसंबर तक जिले में सघन कुष्ठ खोज अभियान संचालित किया जा रहा है। इसी कड़ी में लोरमी विखं के बैगा ग्राम बिरारपानी में क्षय एवं कुष्ठ उन्मूलन हेतु जनजागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिला क्षय नियंत्रण अधिकारी डॉ सुदेश रात्रे ने बताया कि शिविर में 35 से अधिक मरीजों की जांच की गई, जिसमें संदेहास्पद टीबी मरीज 3, सर्दी-खांसी 8, दाद खाज खुजली 3, बुखार 4, कमजोरी 14, एएनसी 1, आंख से संबंधित 2 एवं अन्य 2 मरीजों की जांच कर दवाई एवं आवश्यक परामर्श तथा बचाव संबंधी पाम्पलेट वितरण कर जानकारी दी गई। साथ ही टीबी के संदेहास्पद मरीजों का बलगम सीबीनॉट मशीन में जांच के लिए एकत्र किया गया। उन्होने बताया कि जिले के सूदूर पहुंचविहीन बैगाग्रामों में टीबी एवं लेप्रोसी हेतु स्वास्थ्य शिविर लगाया जाता हैं, जिसमें संदेहास्पद मरीज पाए जाने पर उनकी उपयुक्त जांच कर चिकित्सा उपलब्ध कराई जाती हैं। उक्त ग्राम में जनजागरण शिविर के लिए एक दिन पूर्व कोटवार के द्वारा मुनादी कराई गया एवं स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं और मितानिनों के द्वारा गांव में प्रचार-प्रसार किया गया था। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग के डीपीसी अमिताभ तिवारी, डीपीपीएमसी अमित सिंह, पीएमडीटी समन्वयक धीरज रात्रे, सेक्टर सुपरवाइजर मणिराज पैकरा मौजूद रहे।

### झाफल विद्यालय का एनएसएस शिविर संपन्न

**लोरमी।** ग्राम गुनापुर में आयोजित झाफल विद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय शिविर रविवार समाप्त हुआ, जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर मुक्तिधाम सेवा समिति के लोग मौजूद रहे। सात दिवसीय शिविर के माध्यम से स्वयंसेवकों ने शासकीय प्राथमिक शाला गुनापुर में पर्यावरण, शिक्षा, जल संरक्षण,सड़क सुरक्षा और नशा मुक्ति पर जन जागरूकता अभियान का आयोजन किया। स्वयंसेवकों ने बताया कि, उन्होंने श्रमदान करते हुए स्कूल एवं बाउंड्री की पुताई की, 15 ट्रैक्टर मिट्टी पेड़ पौधों और मैदान समतलीकरण किया।

# चोरों ने मकान से पार किए सोने चांदी के जेवर व नकद

**भर्रीडांड़।** मरवाही के ग्राम बरेता के एक मकान से चोरों ने सोने चांदी के जेवर समेत नकद पार कर दिया। मामले में पुलिस ने मध्यप्रदेश से आरोपियों को गिरफ्तार किया है। वहीं मामले के मुख्य आरोपी अब तक फरार हैं।

जानकारी के अनुसार बरेता वार्ड नं 13 मरवाही निवासी जीवन यादव पिता स्व. सीएल यादव 55 साल के घर 9 दिसंबर की शाम करीब 4.20 से 5.10 बजे के बीच कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने घर के पीछे दरवाजे के ऊपर लगे टीन शेड्स को तोड़कर अंदर प्रवेश किया। उन्होंने घर के तीन अलग अलग कमरे के दरवाजा तोड़कर सभी कमरे के अंदर रखे आलमारी के लॉकर में रखे सोने चांदी के आभूषण समेत नकदी रकम 2 लाख 15 हजार रुपए चोरी कर ले गया है। रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में लिया गया। मामले में पुलिस ने 10 अलग अलग जगह के सीसीटीवी फुटेज को खंगाला, जिसमें 2 संदिग्ध दिखाई दिए कुछ दूर बाद 1 बाइक पर तीन लोग जाते हुए नजर आए। फुटेज के आधार पोची उर्फ योगी पारधी एवं जेसपाल सिंह पाती तथा महराणा पारधी एक दूसरे से संपर्क में रहना पाया गया। जो मध्यप्रदेश राज्य के भोपाल के पास का पारधी गैंग का होना पाया गया। तब थाना मरवाही एवं साइबर सेल की संयुक्त टीम प्राप्त मोबाइल नंबर के लोकेशन के आधार पर भोपाल मप्र जाकर महराणा पारधी पिता सुरेश पारधी उम्र 26 साल निवासी उनिदा थाना गुनगा जिला भोपाल मप्र को तलब कर पूछताछ करने पर घटना दिनांक को अपने साथी पांची उर्फ योगी पारधी एवं जेसपाल सिंह पारधी के साथ मिलकर प्रार्थी के मकान के पीछे दरवाजा को तोड़कर अंदर प्रवेश कर उक्त मशरूका को चोरी करना बताया। चोरी गये उपरोक्त मशरूका सोने चांदी के जेवर को ग्राम कुटकीपुरा के पपुआ उर्फ ज्ञान सिंह अहिरवार पिता रामदयाल के पास 4,75,000 रुपये में बिक्री करना बताया। मुख्य आरोपी पोंची उर्फ योगी पारधी, जसपाल सिंह पारधी एवं सोने चांदी के जेवरात को खरीदने वाला पपुआ उर्फ ज्ञान सिंह अहिरवार फरार है। आरोपियों के खिलाफ संयुक्त रूप से संगठित होकर संपत्ति संबंधी अपराध को घटित करते है, जिनके विरुद्ध थाना गुनगा जिला भोपाल में कई अपराधिक प्रकरण दर्ज है।



**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल जूना बिलासपुर, तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग.**
**सूचना**

क्र/क/रा.नि./2025
जूना बिलासपुर, दिनांक 15/10/2025

प्रति,
1. बजरंग अग्रवाल 2. मनीष यादव 3. कृष्णा 4. चंदन बैस 5. प्यारे यादव 6. सुरेश डुलपहाड़ी 7. मनोज समुद्रे 8. लखन पहाड़ी 9. सुनील यादव अन्य सर्वसंबंधित पक्षकार
(समीपी भूमिस्वामियों की जानकारी ज्ञापन में दर्ज/आवेदक के बताए अनुसार)
विषय :- सीमांकन में उपस्थित होने बाबत्।
संदर्भ :- न्यायालय/तहसीलदार का ज्ञापन क्र/क/तह./वाचक/2025 बिलासपुर दिनांक 08/12/25

आवेदक बजरंग अग्रवाल निवासी जूना बिलासपुर के द्वारा ग्राम जूना बिलासपुर प.ह.नं. 36 रा.नि.मं. जूना बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर में स्थित भूमि खसरा नंबर 47, 56, 60, 61, 62, कुल रकबा 1.1.680 हे. के सीमांकन हेतु न्यायालय तहसीलदार बिलासपुर के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया है। संदर्भित न्यायालयीन ज्ञापन के परिपालन में आवेदित भूमि का सीमांकन दिनांक 05/01/2026 को समय 11am-5pm बजे किया जायेगा। अतः आप भूमि से संबंधित दस्तावेज के साथ निर्धारित तिथि एवं समय को मौके पर अनिवार्यतः उपस्थित होवें। अनुपस्थिति के लिए आप स्वयं जिम्मेदार होंगे और बाद को आपत्ति पर स्वीकार्य नहीं होगी।
टीप :- (इस कंडीशन के लिए न्यायालय तहसीलदार द्वारा दल गठन किया गया है।)

**राजस्व निरीक्षक**
**जूना बिलासपुर (छ.ग.)**

**आम सूचना**

मौजा सिरगिट्टी, प.ह.न. 41, रा.नि.म. सिरगिट्टी, तहसील बिलासपुर, अंतर्गत नगर पालिका निगम बिलासपुर, जिला बिलासपुर छ.ग. क्षेत्रांतर्गत स्थित भूमि ख.न. 2506/1 में से क्षेत्रफल 2929 वर्गफुट भूमि है जिसे जगदीश कुमार कटारिया पिता स्व. श्री के बी कटारिया एवं दीपक कटारिया पिता स्व. श्री के बी कटारिया दोनों निवासी दयालबंद बिलासपुर छ.ग. के द्वारा श्रीमती पिंकी माथुर पति श्री संजय कुमार माथुर निवासी लिंगियाडीह बिलासपुर छ.ग. के पक्ष में विक्रय पत्र दिनांक 31/08/2015, ग्रंथ क्रमांक 26992, पंजीयन क्रमांक 2089 पंजीयन कार्यालय बिलासपुर छ.ग. के माध्यम से विक्रय किया गया है। जिसे श्रीमती पिंकी माथुर के द्वारा श्री परमेश्वर कुमार साहू पिता श्री बलराम साहू निवासी म.न. 479 सीपत रोड पानी टंकी के पास मोपका बिलासपुर छ.ग. वाले को विक्रय किया गया हैं।

वर्तमान में उक्त भूमि पर श्री परमेश्वर कुमार साहू का मालिकाना हक व कब्जा है। उक्त विक्रय पत्र श्री परमेश्वर कुमार साहू से कही गुम हो गया है। श्री परमेश्वर कुमार साहू द्वारा उक्त भूमि को बंधक कर टाटा कैपिटल एच. एफ.सी. शाखा व्यापार विहार बिलासपुर जिला बिलासपुर छ.ग. से ऋण लिये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त भूमि के संबंध में किसी व्यक्ति, संस्था, निगम, निकाय, वित्तिय संस्थान, बैंक, समिति को कोई आपत्ति हो तो अविलंब दस्तावेजों के साथ मेरे कार्यालय में एक सप्ताह के भीतर प्रस्तुत कर सकते हैं। समयावधि पश्चात आपत्ति अमान्य होगा।

सो सूचना जानें।
दिनांक: 29/12/2025

**भवदीय**
**एम.एल. यादव**
**(अधिवक्ता)**
**एमआईजी -2/14, नर्मदा नगर,**
**बिलासपुर (छ.ग.)**
**मो. 9300325314**

**न्यायालय तहसीलदार मस्तुरी**
**मामले की श्रेणी: राजस्व**
संदर्भ:- जिला बिलासपुर तहसील-मस्तूरी प.ह.न.- 00011 कोनी ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक:
**MD202526400218300004**

**ईश्तहार**

तहसील **मस्तूरी** के प.ह.न. 00011 के अंतर्गत ग्राम **कोनी** के वर्तमान भूमिस्वामी **भागचंद लालवानी पिता/पति-वजीर चंद लालवानी पता-**के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 148/2(0.2550), 148/3(0.2550), 149/3(0.1940), 149/4(0.1900), 150/1 (0.4290) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता **सुनील लालवानी पिता/पति-भागचंद लालवानी पता-अग्रसेन चौक, वैजंती लालवानी पिता/ पति-भागचंद लालवानी पता-संगीता लालवानी पिता/पति-भागचंद लालवानी पता-अग्रसेन चौक, दिलीप लालवानी पिता/पति-भागचंद लालवानी पता-अग्रसेन चौक, सविता लालवानी पिता/पति-भागचंद लालवानी पता-अग्रसेन चौक, अनिता लालवानी पिता/पति-भागचंद लालवानी पता-अग्रसेन चौक** के नाम पर पंजीयन/फ़ौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक **05/01/2026** को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय **न्यायालय तहसीलदार मस्तुरी** पर की जावेगी। उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपति स्वयं / अधिवक्ता / आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 15/12/2025 को जारी किया जाता है।

**तहसीलदार:**
**Jayanti Dewangan मस्तूरी**

**न्यायालय द्वितीय अतिरिक्त न्यायाधीश के प्रथम अति.कनिष्ठ श्रेणी, बिलासपुर छ.ग.**
**(पीठासीन: कृष्ण मुरारी शर्मा)**
**// समंस //**

हरजीत सिंह बनाम..एस. जयाराव
नि.प्र.क्रं.-1/25
पेशी तिथी-07.01.26
आ.दि.15.12.25
प्रो.नंबर-132/22.12.25

**बनाम:** एस.जयाराम बेवा स्व.श्री एस. आदिनारायण राव, निवासनी, नयापारा संतोषी मंदिर के पास, सिरगिट्टी तारबाहर, जिला बिलासपुर (छ.ग.)

यह कि इस न्यायालय में आपके विरुद्ध 3,10,000/-रुपया की वसूली बाबत डिक्रीदार हरजीत सिंह ने निष्पादन प्रकरण पेश किया है, जो इस माननीय न्यायालय में दिनांक 07.01.26 को सुनवाई हेतु नियत है। आपको इस समाचार प्रकाशन के माध्यम से अवगत कराया जाता है कि आप इस सूचना प्राप्ति के उपरांत पेशी दिनांक 07.01.26 को स्वयं या अपने किसी अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित दिन के 11.00 बजे होकर अपना जवाब एवं दस्तावेज पेश करें। आपकी अनुपस्थिति में प्रकरण में आपके विरुद्ध कार्यवाही की जायेगी। यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को अवकाश घोषित जाता है या न्यायालयीन कार्य स्थगित हो जाता है तो प्रकरण की सुनवाई अगले कार्य दिवस पर किया जावेगा।

अत: आज दिनांक 22.12.25 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा लगाकर जारी किया गया।

**(कृष्ण मुरारी शर्मा)**
**प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी के द्वितीय अतिरिक्त न्यायाधीश**
**बिलासपुर (छ.ग.)**

## खबर संक्षेप

### आयुष विश्वविद्यालय की विद्या परिषद के सदस्य बने डॉ.सिंह



**बिलासपुर।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्मृति स्वास्थ्य विज्ञान एवं आयुष विश्वविद्यालय की विद्या परिषद में मेडिकल कालेजों के वरिष्ठ अधिकारियों का मनोनयन किया गया है। परिषद में कुलपति के नामनिर्दशित विभिन्न पद्धति के संबंध संस्थाओं प्राचार्य के तौर पर डॉ तृप्ति नागरिया,डॉ जीआर चतुर्वेदी और डॉ कार्तिक कृष्णा को जगह मिली है। वहीं दो विभागों के विभागाध्यक्ष के तौर पर सिम्स के पैथोलॉजी डिपार्टमेंट के एचओडी एवं सुपर मल्टी हास्पिटल के अधीक्षक डा. बीपी सिंह व शासकीय नर्सिंग कालेज रायपुर की शैलू साजी को सदस्य बनाया गया है।

### केंद्रीय मंत्री तोखन ने भाजपा राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष से की सौजन्य भेंट



**बिलासपुर।** केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य राज्य मंत्री तोखन साहू ने आज भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नवीन से सौजन्य भेंट की। इस अवसर पर श्री साहू ने उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मान व्यक्त किया तथा अपने द्वारा संपादित कार्यों का कर्तव्य विवरण पुस्तक उन्हें प्रस्तुत की। भेंट के दौरान संगठनात्मक विषयों, जनसेवा से जुड़े कार्यों तथा पार्टी के आगामी कार्यक्रमों को लेकर सार्थक एवं सकारात्मक संवाद हुआ। श्री साहू ने संगठन के मार्गदर्शन में केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने की प्रतिबद्धता दोहराई। नितिन नवीन ने श्री साहू द्वारा किए जा रहे जनहितकारी प्रयासों की सराहना करते हुए संगठनात्मक दायित्वों के निर्वहन में निरंतर सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।

### दी न्यू इंडिया हायर सेकेडरी विद्यालय के स्वयंसेवकों का बेलटुकरी में शिविर



**बिलासपुर।** दी न्यू इंडिया हायर सेकेडरी विद्यालय के स्वयंसेवकों ने गोद ग्राम बेलटुकरी के संजीवनी इंस्टीट्यूट आफ फार्मेसी बेलटुकरी महाविद्यालय परिसर में आयोजित राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम का समापन हो गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में सेवा, अनुशासन एवं सामाजिक जिम्मेदारी की भावना का विकास करना रहा। मुख्य अतिथि अध्यक्ष राकेश तिवारी, सचिव ऋषिकेश केशरी, प्राचार्य केके मिश्रा ने कहा कि एनएसएस जैसे कार्यक्रम विद्यार्थियों को समाज सेवा से जोड़ते हैं और उन्हें जिम्मेदार नागरिक बनने की प्रेरणा देते हैं। विशिष्ट अतिथियों ने भी विद्यार्थियों द्वारा किए गए सेवा कार्यों की सराहना की। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। जिसमें भक्ति गीत, पंथी नृत्य, करमा नृत्य, सामाजिक संदेश से परिपूर्ण नाटक एवं नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किए गए। सांस्कृतिक परिस्थितियों ने दर्शकों का मन मोह लिया। विशिष्ट अतिथि जनपद सदस्य विनोद यादव, सरपंच बेलटुकरी लक्ष्मण वर्मा भी मौजूद रहे। साथ ही दीपक कश्यप, सुश्री मोनिका, नागेश्वर वर्मा, सुश्री रचना वर्मा सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी मौजूद थे।

### रमण किरण के काव्य संग्रह का किया गया विमोचन



**बिलासपुर।** कोलकाता के प्रतिष्ठित होटल देवश्राणी, साल्ट लेक में शनिवार को कवि एवं कलाकार वेदुला वेंकट रमणा 'किरण' के काव्य-संग्रह "तुम सिर्फ मेरी हो" का विमोचन साहित्यिक गरिमा और भावनात्मक ऊष्मा के मध्य हुआ। यह आयोजन 25वीं सालगिरह के उपलक्ष्य में एक आत्मीय पारिवारिक समारोह के रूप में आयोजित किया गया। काव्य-संग्रह का विमोचन ऑस्ट्रेलियाई दाम्पत्य अमित कुमार भट्टाचार्य एवं कोहली भट्टाचार्य के कर-कमलों से किया गया। इसमें यह स्पष्ट किया कि संवेदनशील कविता किसी भौगोलिक सीमा में बंधी नहीं होती, बल्कि वह मानवीय भावनाओं की वैश्विक भाषा बन जाती है। "तुम सिर्फ मेरी हो" केवल प्रेम-कविताओं का संकलन नहीं, बल्कि आधुनिक मनुष्य के भीतर चल रहे भावनात्मक द्वंद्व, आत्मीय संबंधों की तलाश और अस्तित्वगत प्रश्नों का काव्यात्मक दर्शन प्रस्तुत करता है। कार्यक्रम में अनेक साहित्य-रसिक, शुभचिंतक एवं सम्माननीय अतिथि उपस्थित रहे।

### अहीर नृत्य कला व छेरछेरा महोत्सव ग्राम देवरहट में 3 को

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ के लोक पर्व छेरछेरा पौष पूर्णिमा के अवसर पर ग्राम देवरहट में 3 जनवरी शनिवार को 34 वां अहीर नृत्य कला एवं छेरछेरा महोत्सव पूज्य महामंडलेश्वर स्वामी हरिहरानंद सरस्वती मैनपुरी के सानिध्य में आयोजित है। उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि तोखन साहू केन्द्रीय मंत्री एवं समापन सत्र के मुख्य अतिथि अरुण साव उपमुखमंत्री होंगे। अध्यक्षता गजेन्द्र यादव शिक्षामंत्री करेंगे। अतिविशिष्ट अतिथि श्रीकांत पाण्डेय अध्यक्ष जिला पंचायत मुंगेली, विशिष्ट अतिथि कुंती डॉ. उदेराम जायसवाल सदस्य जिला पंचायत मुंगेली, चंद्रप्रकाश बाजपेयी पूर्व विधायक, बृजेश साहू प्रो. गीतांजलि कंस्ट्रक्शन, वर्षा विक्रम सिंह अध्यक्ष जनपद पंचायत लोरमी, पवन पाण्डेय सभापति जनपद पंचायत मुंगेली, पी.आर. यदु भाटापारा, सती कुमार यादव सीएमओ मरवाही, डॉ राजेश यादव तिफरा, इंजी. रामलाल यादव, ईश्वर यादव बिलासपुर, राजेश चंद्राकर बांधा उपस्थित होंगे।

### लक्ष्मी नारायण मंदिर में सुंदरकाण्ड का सामूहिक पाठ कल

**बिलासपुर।** श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर सदर बाजार में नववर्ष के उपलक्ष्य में संगीतमयी सुंदर काण्ड का सामूहिक पाठ 31 दिसंबर को सुबह 10 बजे से रखा गया है। श्री लक्ष्मी नारायण सेवा संघ ने भक्तों से नववर्ष का शुभारंभ भगवान लक्ष्मी नारायण भगवान के चरणों में श्री हनुमंत लाल की आराधना के साथ करने का आग्रह किया है।

# कांग्रेस गरीबों को बसाने व भाजपा उजाड़ने का करती है काम : भूपेश

## पूर्व सीएम लिंगियाडीह अपोलो चौक पर पहुंचकर आवास बचाओ महाधरने में हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अपोलो चौक लिगियाडीह पर पिछले 38 दिनों से आवास बचाने की मांग को लेकर एवं नगर निगम द्वारा तोड़ने की नोटिस जारी करने के विरोध में चल रहे क्रमिक धरने के समर्थन करने सोमवार को पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पहुंचे। उन्होंने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस एवं भाजपा में एक यही अंतर है कांग्रेस जब सरकार में रहती है तो गरीबों मजदूरों को आवास की सुविधा एवं पट्टा प्रदान करती है गरीबों को बसाने का काम करती है, जबकि भाजपा सरकार उजाड़ने का काम करती है।

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि छत्तीसगढ़ में जब-जब कांग्रेस की सरकार रही तब-तब बसाने एवं पट्टा देने का काम किया गया। वहीं प्रदेश में जब भी भाजपा की सरकार आई भाजपा ने गरीबों को उजाड़ने का काम किया, वही काम लिंगियाडीह चिंगराजपारा बहतराई में हो रहा है। भूपेश बघेल ने कहा कि पट्टा प्राप्त आवास को तोड़कर उद्यान बनाना और मल्टीप्लेक्स कॉम्पलेक्स योजना बनाना गरीबों के साथ अन्याय है। उन्होंने घोषण किया कि आप अपना लड़ाई जारी रखें कांग्रेस आपके साथ खड़ी रहेगी। जनसभा को विधायक अटल श्रीवास्तव, विधायक दिलीप लहरिया सहित



जिलाध्यक्ष महेंद्र गंगोत्री व शहर अध्यक्ष सुधांशु मिश्रा एवं स्थानीय पार्षद दिलीप पाटिल ने भी संबोधित किया। आज के धरना कार्यक्रम में प्रमुख रूप से बैजनाथ चंद्राकर, आशीष सिंह ठाकुर, महेश दुबे, राजेन्द्र शुक्ला, ब्लॉक अध्यक्ष जावेद मेमन, अरविंद शुक्ला, गीतांजली कौशिक, संध्या तिवारी, सीमा पाण्डेय, नरेन्द्र बोलर, राजेश पाण्डेय, समीर अहमद, जुगल गोयल, त्रिलोक श्रीवास सहित अन्य शामिल रहे।

### सनातन विरोधी बयान पर किया पलटवार

प्रदेश के उप मुख्यमंत्री अरूण सॉव द्वारा कांग्रेस को सनातन विरोधी बताए जाने के बयान पर पलटवार करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का कहना है कि अरूण सॉव ने सनातन का ठेका लिया है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सोमवार को बिलासपुर लिंगियाडीह में चल रहे धरना प्रदर्शन में शामिल होने पहुंचे थे। इस दौरान पत्रकारों से चर्चा करते हुए भूपेश ने बागेश्वर धाम के पीठाधीश पंडित धीरेन्द्र शास्त्री और कथावाचक प्रदीप मिश्रा पर भी निशाना साधा। तमनार में पुलिस पर उग्र भीड़ द्वारा किए गए हमले को लेकर भूपेश ने विष्णुदेव सरकार को जिम्मेदार ठहराया।

# क्या अवैध कब्जे को संरक्षण देने आए भूपेश : सुशांत

## पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पर विधायक शुक्ला ने लगाए आरोप



**बिलासपुर।** लिंगियाडीह बचाओ आंदोलन के समर्थन में बिलासपुर पहुंचे प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पर बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला ने कड़े शब्दों में हमला बोला है। विधायक श्री शुक्ला ने भूपेश बघेल पर आरोप लगाते हुए कहा कि वे शासकीय संपत्तियों पर अवैध कब्जे को संरक्षण देने आए हैं..? क्या भूपेश बघेल भी सरकारी सम्पत्तियों के खरीद फ़रोख़्त में संलिप्त हैं, इसीलिए सरकारी सम्पत्तियों को लूटने वालों के समर्थन में खड़े हैं। विधायक श्री शुक्ला ने आरोप लगाया कि पिछली कांग्रेस सरकार के दौरान स्थानीय कांग्रेस पार्षद द्वारा राजीव गांधी न्याय पट्टा योजना के तहत सर्वे कराया गया, जिसमें 124 लोगों से पांच–पांच हजार रुपए की वसूली की गई, लेकिन आज तक किसी को पट्टा नहीं मिला। उन्होंने कहा कि श्री बघेल को यह स्पष्ट करना चाहिए कि इस कथित वसूली और पट्टे न मिलने की जिम्मेदारी किसकी है। उन्होंने सवाल किया कि जिस आंदोलन को संरक्षण देने के लिए भूपेश बघेल बिलासपुर आए हैं, क्या उसी शासकीय भूमि पर वर्तमान कांग्रेस पार्षद का व्यवसायिक कार्य नहीं चल रहा है..? यदि ऐसा है तो जनता के सामने सच क्यों नहीं रखा जा रहा है।

### क्या कांग्रेस पार्षदों और बड़े नेताओं के नाम सार्वजनिक करेंगे

श्री शुक्ला ने पूर्व मुख्यमंत्री को चुनौती देते हुए कहा कि क्या वे वर्तमान कांग्रेस पार्षदों और बड़े नेताओं के नाम सार्वजनिक करने का साहस दिखाएंगे। उन्होंने कांग्रेस विधायक अटल श्रीवास्तव और पार्षद दिलीप पाटिल का नाम लेते हुए कहा कि कांग्रेस नेताओं ने पहले भी और अब भी शासकीय संपत्तियों को लूटने का काम किया है। उन्होंने यह भी कहा कि संबंधित आंदोलनकारी स्वयं हाईकोर्ट गए, लेकिन वहां वे अपने कब्जे को सिद्ध नहीं कर पाए। नगर निगम का स्पष्ट पक्ष है कि पात्र कब्जाधारियों को विधिवत स्थापित कर उनके आवास की व्यवस्था की जाएगी। इसके बावजूद सड़क चौड़ीकरण जैसे जनहितैषी कार्यों में बाधा डालकर भूपेश बघेल आखिर क्या सिद्ध करना चाहते हैं?

### बेजाकब्जे की राजनीति अब नहीं चलेगी

विधायक शुक्ला ने आंदोलन के स्वरूप पर भी सवाल उठाया है। उन्होंने कहा कि जिस स्थान पर कार्यक्रम किया जा रहा है, वहां नाचा–गाना, भोजन और प्रसादी बांटकर भीड़ जुटाने का प्रयास किया जा रहा है। यह कौन सा आंदोलन है? उन्होंने आरोप लगाया कि सरकारी जमीनों की खरीद–फरोख्त में भी संलिप्तता के गंभीर आरोप पूर्व मुख्यमंत्री पर लग रहे हैं। अंत में विधायक श्री शुक्ला ने कहा कि बेजाकब्जे की राजनीति अब नहीं चलेगी और शासकीय जमीनों की रक्षा तथा विकास कार्यों को हर हाल में आगे बढ़ाया जाएगा।

## यहां पहले आरआई बंगला, कोतवाली थाना व पुलिस लाइन था

# अंग्रेज जमाने का सिविल लाइन थाना भवन टूटेगा, बनेगा नया सीएसपी कार्यालय

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अंग्रेज जमाने का पुराने सिविल लाइन थाना भवन को तोड़कर नया सिविल लाइन सीएसपी कार्यालय बनाया जाएगा। आरआई के निर्देश पर पुराना भवन खाली कर तोड़ना शुरू कर दिया गया है।

पुराना सिविल लाइन थाना में पहले आरआई बंगला था और केवल कोतवाली थाना व पुलिस लाइन था। जनसंख्या बढ़ने पर आरआई बंगला को खाली कराकर सिविल लाइन थाना बनाया गया था। उसके बाद सरकण्डा फिर तारबाहर, तोरवा व कोनी थाना बनाया गया था। पुराने जमाने का भवन होने से जर्जर हो गया था और पुलिस अधिकारियों के बैठने की व्यवस्था नहीं बन रही थी। जिसे देखते हुए थाना के पीछे नया सिविल लाइन थाना भवन बनाया गया और वर्ष 2025 में थाना नया भवन में शिफ्ट हो गया है। पुराने भवन में जब्ती का सामान व कुछ विवेचक रूम में बैठकर काम करते हैं। पिछले दिनों आरआई भूपेन्द्र गुप्ता ने सिविल लाइन थाना भवन का निरीक्षण कर टीआई एसआर साहू को भवन खाली कराने को कहा गया था। उक्त पुराने भवन को तोड़कर नया सिविल लाइन सीएसपी कार्यालय बनाया जाएगा।



### 20 लाख रुपए की लागत से बनेगा कार्यालय

20 लाख रुपए की लागत से नया सिविल लाइन सीएसपी कार्यालय बनाया जाएगा। एसपी आफिस से नया बिल्डिंग बनाने के लिए टेंडर जारी कर दिया गया है। संभावना जताई जा रही है कि शीघ्र ही नया कार्यालय बनाने का काम शुरू हो जाएगा। पुराने थाना भवन में रखे जब्ती के सामानों को नए थाना भवन में शिफ्ट कर दिया गया है। पुराने भवन में तोड़फोड़ शुरू कर दी गई है।

### सीएसपी कार्यालय भी जर्जर

वर्तमान में सिविल लाइन सीएसपी कार्यालय बरसो पुराने बिल्डिंग में संचालित हो रहा है, जो जर्जर हो गया। जगह छोटा होने से कर्मचारियों की बैठने व रिकार्ड रखने में काफी मशक्कत करनी पड़ती है।

### बनेगा सीएसपी कार्यालय

जर्जर पुराने सिविल लाइन भवन को तोड़कर नया सिविल लाइन सीएसपी कार्यालय बनाया जाएगा। नया भवन बनाने के लिए टेंडर जारी हो गया है।

-भूपेन्द्र गुप्ता, आरआई

# बिलासपुर को शामिल करें रेलवे टर्मिनल विस्तार योजना में

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

छात्र युवा नागरिक रेलवे जोन संघर्ष समिति में केंद्र सरकार द्वारा 2030 तक देश में 50 स्थलों पर रेलवे टर्मिनल क्षमता को दोगुना विस्तार करने के निर्णय के तहत दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के मुख्यालय बिलासपुर को शामिल करने की मांग की है। इसके लिए समिति ने केन्द्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू से मिलकर मांग करने का निर्णय लिया है।

- छात्र युवा रेलवे जोन संघर्ष समिति केंद्रीय मंत्री तोखन साहू से करेगी मांग

केंद्र सरकार ने एक रणनीतिक निर्णय लेते हुए देश के 50 बड़े रेलवे स्टेशनों से प्रारंभ होने वाली ट्रेनों की क्षमता में दोगुनी वृद्धि करने के उद्देश्य से चयनित शहरों के कोचिंग टर्मिनल क्षमता को दोगुना विस्तार करने का निर्णय लिया है। यह महत्वाकांक्षी योजना 2030 तक पूरी की जानी है। छात्र युवा नागरिक रेलवे जोन संघर्ष समिति ने बताया कि मध्य प्रदेश में इसके लिए इंदौर भोपाल और जबलपुर जैसे स्टेशनों का चयन हुआ है, जबकि छत्तीसगढ़ में केवल नए रायपुर में केंद्री स्टेशन पर एक नए टर्मिनल का प्रस्ताव है। इसका अर्थ यह हुआ कि छत्तीसगढ़ में बिलासपुर और दुर्गा जो दो पुराने कोचिंग टर्मिनल हैं उनकी क्षमता में कोई विस्तार नहीं किया जा रहा है। समिति ने कहा है कि दुर्ग में भूमि की समस्या के कारण अगर टर्मिनल विस्तार नहीं भी हो रहा है, तब भी बिलासपुर में ऐसी कोई समस्या नहीं है। यहां उसलापुर स्टेशन, दाधापारा स्टेशन और गतौरा स्टेशन तीनों ही तरफ रेलवे के पास पर्याप्त भूमि उपलब्ध है, जहां एक बड़ा कोचिंग टर्मिनल निर्माण किया जा सकता है। वैसे भी बिलासपुर से चलने वाली रेल गाड़ियां रायपुर और दुर्ग भिलाई जो छत्तीसगढ़ का सबसे बड़ा शहर है। दुर्ग से चलने वाली गाड़ियां दुर्ग भिलाई रायपुर और बिलासपुर को सेवा देते हुए आगे जाती है। इसके विपरीत अगर नया रायपुर का टर्मिनल बनेगा तो वह या तो बिलासपुर क्षेत्र को और या फिर दुर्ग भिलाई क्षेत्र को छोड़कर ही अपनी सेवाएं दे पाएगा। दोनों ही सूरत में छत्तीसगढ़ को नई चलने वाली ट्रेनों की आधी अधूरी सेवा ही मिल पाएगी।

छात्र युवा नागरिक रेलवे जोन संघर्ष समिति ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को याद दिलाया कि बिलासपुर जोन सबसे ज्यादा कमाई देने वाला जोन है और यात्री सुविधाओं के मामले में इसके मुख्यालय की इस तरह उपेक्षा किया जाना उचित नहीं है। समिति ने इस संबंध में बिलासपुर से स्थानीय केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू को भी ज्ञापन देने का निर्णय लिया है।

# सीएमएचओ ने किया स्वास्थ्य केन्द्रों का दौरा

**बिलासपुर।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ शुभा गरेवाल व जिला आरसीएम अधिकारी डॉ रक्षित योगी सोमवार को कोटा व रतनपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रतनपुर में हाल ही aडी स्क्रीनिंग और एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में साक्षरता एवं विभिन्न कार्यक्रमों के बेहतर क्रियान्वयन किया गया है। सीएमएचओ ने मरीजों को बेहतर इलाज के लिए जरूरी निर्देश दिए हैं। इसके बाद बेलगहना पीएचसी्र, चपोरा पीएचसी एवं कुरदुर उपस्वास्थ्य केन्द्र क मुख्य चिकित्सा एवं



स्वास्थ्य अधिकारी नेदौरा किया। स्वास्थ्य सुविधाओं के बेहतर क्रियान्वयन एवं विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों का बेहतर क्रियान्वयन करने पर जोर दिया। बेलगहना प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में डिलीवरी की संख्या बढ़ाने, ओपीडी में मरीजों की संख्या बढ़ाने के लिए कर्मचारियों को विशेष ध्यान देने कहा गया है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में स्वास्थ्य केंद्र के रखरखाव स्वच्छता, स्वास्थ्य कर्मचारियों की बायोमेट्रिक अटेंडेंस, एमसीडी कार्यक्रम की स्क्रीनिंग के निर्देश दिए गए।

### दिए गए हैं निर्देश

स्वास्थ्य केन्द्रों में 24 घंटे डिलीवरी की सुविधा होनी चाहिए। साथ ही कर्मचारियों को राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों को प्रभावी तरीके से लोगों तक पहुंचाना है, इसके लिए दौरा किया गया है। इस दौरान क्षेत्र में टीबी के मरीजों की स्क्रीनिंग के लिए दिशा निर्देश दिए गए है।

-डॉ शुभा गरेवाल
सीएमएचओ,
स्वास्थ्य विभाग

# डीआरएम के समक्ष व्यापारियों ने रखी समस्या

## बुधवारी बाजार के व्यापारियों को निराकरण का दिया आश्वासन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

रेल मंडल बिलासपुर के नए डीआरएम राकेश रंजन से बुधवारी बाजार के व्यापारियों ने मिलकर अपनी समस्याओं से अवगत कराया।

सोमवार को डीआरएम राकेश रंजन से बुधवारी बाजार के व्यापारी संघ के अध्यक्ष नीतिन छाबड़ा के नेतृत्व में कार्यकारी अध्यक्ष संजय सलूजा, महामंत्री राकेश अग्रवाल, सचिव बलजीत सिंह खनूजा, संरक्षक संजय गुप्ता, सुरेन्द्र सिंह आजमानी, हार्दिक तेजानी, संजय सलूजा, प्रवीण



सलूजा ने मुलाकात की। व्यापारियों ने नए डीआरएम का स्वागत करने के उपरांत बुधवारी बाजार के किराए संबंधित लंबित प्रकरणों और अन्य समस्या से उन्हें अवगत कराया। डीआरएम ने व्यापारियों की मांगों को सुनने के बाद संबंधित विभाग के अधिकारियों से चर्चा कर निराकरण करने का आश्वासन दिया है।

## अवैध बैनर पोस्टर के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश

# सुबह फील्ड पर निकलेंगे सभी जोन कमिश्नर, फोटो करना होगा शेयर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सभी जोन कमिश्नर रोजाना सुबह फील्ड में रहकर सफाई कार्यों की मानिटरिंग करें। साथ ही सफाई कार्यों की जियो टैगिंग फोटो शेयर करें। उक्त निर्देश नवपदस्थ निगम कमिश्नर प्रकाश कुमार सर्वे ने दृष्टी सभाकक्ष में सभी जोन कमिश्नरों की बैठक में दिए।

निगम कमिश्नर ने कहा कि राजस्व वसूली को अभियान की तरह करते हुए लक्ष्य को पूरा करें। बड़े बकायादारों से वसूली करें। राजस्व वसूली को लेकर साप्ताहिक लक्ष्य तय करें। इसके अलावा निगम कमिश्नर श्री सर्वे ने कहा कि राजस्व वसूली की



सभी जोन स्तर पर साप्ताहिक समीक्षा भी की जाएगी। बैठक में निगम कमिश्नर श्री प्रकाश कुमार सर्वे ने कहा शहर में अवैध बैनर पोस्टर के खिलाफ लगातार कार्रवाई करें विशेषकर शासकीय संपत्तियों में बिना अनुमति के पांपलेट लगाने वालों के खिलाफ करें। बैठक में निगम कमिश्नर ने जोन कमिश्नरों और स्वास्थ्य अधिकारी को शहर के प्रमुख सार्वजनिक स्थान जिसमें बस स्टैंड,सब्जी बाजार,चौक चौराहों, गार्डन में स्वच्छता का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए है। सड़क मरम्मत और गड्ढों के मरम्मत कार्यों की भी मानिटरिंग करने के निर्देश अधिकारियों को दिए गए हैं।

### हाईटेक बस स्टैंड का निरीक्षण

निगम कमिश्नर प्रकाश कुमार सर्वे ने सोमवार को तिफरा स्थित हाईटेक बस स्टैंड का निरीक्षण किया। इस दौरान परिसर में साफ-सफाई बेहतर रखने के निर्देश अधिकारियों को दिए,इसके अलावा बस स्टैंड में यात्री सुविधाओं से संबंधित आवश्यकतानुसार सिविल कार्यों के प्रस्ताव भी बनाने के निर्देश दिए है। निगम कमिश्नर श्री सर्वे ने बस स्टैंड परिसर का पूरा मुआयना किया,इस दौरान व्यापारियों एवं यात्रियों से चर्चा भी किए। स्मार्ट सिटी द्वारा संचालित तारबाहर स्थित कमांड एंड कंट्रोल सेंटर का भी निगम कमिश्नर ने निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान निगम कमिश्नर ने आईटीएमएस की सभी प्रक्रियाओं को देखा।

# तीन दिवसीय साधना शिविर पूजन एवं दीक्षा आज से


**बिलासपुर।** त्रिवेणी भवन, व्यापार विहार में परम पूज्य सदगुरु देव, स्वामी निखिलेश्वरंद महाराज डॉ. नारायण दत्त श्री माली की असीम अनुकंपा एवं आशीर्वाद से सदगुरु देव कैलाश चंद्र श्रीमाली, माता शोभा श्री माली एवं सदगुरु देव विनीत श्री माली के सान्निध्य में तीन दिवसीय साधना शिविर, पूजन एवं दीक्षा कार्यक्रम का आयोजन 30-31 दिसम्बर व 1 जनवरी को किया जा रहा है।



तीन दिन तक आयोजित इस साधन शिविर में शिवत्व कुबेर लक्ष्मीमय साधना दीक्षा के लिए - 11000 रुपए, हवन युक्त सर्व दुर्गतीनाशाय योग भोग धनदा लक्ष्मी दीक्षा के लिए 3500 रुपए, शिव गौरीमय संतान सुखदा कुल वंश वृद्धि जीवट युक्त दीक्षा 2700 रुपए, नूतन वर्ष मंगला गौरी कुल वंश वृद्धि शाकंभरी शिवत्व सहस्त्र लक्ष्मी प्राप्ति दीक्षा के लिए 2400 रुपए, कुबेर श्री विग्रह व धनदा लक्ष्मी माला के लिए 11000 रुपए, सर्व कामना पूर्ति नूतन मंगलमय कुबेर साधना दीक्षा 11000 रुपए, महामाया सौभाग्य नूतन वर्ष सुमंगलता धनदा लक्ष्मी कुबेर श्री वृद्धि साधना युक्त दीक्षा 11000 रुपए गुरु दीक्षा - 2400 रुपए आयोजन समिति के पास जमाकर दीक्षा प्राप्त कर सकते हैं। 30 -31 दिसम्बर को पुत्रदा एकादशी , निश्चित पुत्र प्राप्ति, गोपाल मंत्र, चक्र धर विष्णु, विश्वदेव , रोग मुक्ति, धन्वंतरी प्रयोग, आदि साधना दीक्षा का सर्व श्रेष्ठ मुहूर्त 31 दिसंबर को, सर्वार्थ सिद्धि योगमय रोहिणी नक्षत्र प्रदोष मय बुधवार को हवन यज्ञ युक्त दिव्य दीक्षा के लिए 3500 रुपए जमा करना होगा।

**खबर संक्षेप**

### बाइक से स्टंट, युवक गिरफ्तार



**बिलासपुर।** खतरनाक तरीके गोली चलने की आवाज निकालते हुए रायल एनफील्ड बाइक से स्टंटबाजी करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर बुलेट जब्त कर लिया है। सरकण्डा टीआई प्रदीप आर्या ने बताया, 28 दिसंबर को दोपहर 12.30 बजे सूचना मिली कि बिरकोना रोड में रायल एनफील्ड बाइक क्रमांक सीजी 1 एक्यू, 3369 में सवार युवक खतरनाक तरीके से चलाते हुए गोली चलने की आवाज निकालते हुए स्टंटबाजी कर रहा है। जिससे अन्य वाहन सवारों को आवागमन में परेशानी हो रही है। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए श्री आर्या स्टाफ के साथ बिरकोना रोड में दबिश देकर गोली चलने की आवाज निकालते हुए स्टंट करते हुए उक्त बुलेट सवार युवक को पकड़ लिया। पुलिस ने चिंगराजपारा सूर्या चौक निवासी दिलीप सिंह पिता मुख्तियार सिंह की रिपोर्ट पर बीएनएस की धारा 281, 189, 184 के तहत जुर्म दर्ज कर बुलेट जब्त कर चालक को गिरफ्तार कर मुचलका जमानत पर छोड़ दिया गया है।

### पुलिस से झूमाझटकी पिता पुत्र गिरफ्तार

**बिलासपुर।** रास्ते में बाउंड्रीवाल बनाने का विरोध करने पर एक ग्रामीण के साथ पिता पुत्र ने लाठी से मारपीट कर दी। पुलिसकर्मियों ने बीच बचाव किया तो उनके साथ भी झुमाझटकी की गई है। पुलिस ने हमलावर पिता पुत्र को गिरफ्तार कर लिया है। कोनी टीआई भावेश शेंडे ने बताया, सेंदरी निवासी गजेंद्र साहू पिता स्व. रामप्रसाद साहू 33 साल व लक्ष्मी नारायण साहू का खेत अगल बगल में है। दोनों के खेत जाने का एक रास्ता है। लक्ष्मी नारायण साहू उक्त रास्ते में कब्जा कर बाउंड्रीवाल बनवा रहा था। गजेंद्र साहू ने बाउड्रीवाल बनाने का विरोध किया तो लक्ष्मी नारायण साहू, उसका बेटा जोगेश्वर साहू विवाद करने लगे। गजेंद्र साहू ने विवाद की सूचना पुलिस को दी। पुलिसकर्मी मौके पर गए तो उनके सामने पिता पुत्र गजेंद्र साहू के साथ लाठी से मारपीट करना शुरू कर दिया। पुलिसकर्मियों ने बीच बचाव किया तो पिता पुत्र ने पुलिसकर्मियों के साथ झूमाझटकी करने लगे। काफी मशक्कत के बाद पुलिसकर्मी पिता पुत्र को पकड़कर थाने ले आए। पुलिस ने गजेंद्र साहू की रिपोर्ट पर पिता पुत्र के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज कर पृथक से प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत गिरफ्तार कर लिया है।

परेशान होती रही जनता, लौटकर जाना पड़ा खाली हाथ

# कार्यालयों में पसरा सन्नाटा, तीन दिनों का अघोषित अवकाश, रजिस्ट्री शून्य



तहसील ऑफिस में अफसर का इंतजार करते फरियादी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अपनी 11 सूत्रीय मांगों को लेकर अधिकारी-कर्मचारी फेडरेशन के द्वारा 29 से 31 दिसंबर तक तीन दिवसीय सामूहिक कामबंद हड़ताल प्रारंभ की गई है। इसके अंतर्गत सोमवार को जिले के सभी शासकीय कार्यालयों में कर्मचारी अनुपस्थित रहे, जिससे पूरी तरह सन्नाटा पसरा रहा। तहसील और, रजिस्ट्री कार्यालय भी पूरी तरह खाली रहा। इस दौरान पूरे दिन में एक भी रजिस्ट्री नहीं हो सकी।

छत्तीसगढ़ अधिकारी-कर्मचारी फेडरेशन के बैनर तले 29 से 31 दिसंबर तक आयोजित तीन दिवसीय कामबंद हड़ताल की शुरूआत सोमवार से हो गई। 11 सूत्रीय मांगों को लेकर यह हड़ताल पूरे प्रदेश में जिला व ब्लॉक स्तर पर की जाएगी। हड़ताल से सरकारी कामकाज पूरी तरह प्रभावित रहा। तहसील कार्यालय में भू-अर्जन शाखा में तालेबंदी, नायब नाजिर लेखा शाखा में तालेबंदी व सारे तहसीलदार-अतिरिक्त तहसीलदारों के चेंबर खाली रहे। कर्मचारी पूरी तरह अनुपस्थित रहे जिससे पक्षकारों के कोई काम नहीं हो सके। सप्ताह का पहला दिन होने के कारण अधिकारी की कार्यालय में उपस्थिति को लेकर काम पूरा होने की उम्मीद में आए लोगों को निराश होकर वापस लौटना पड़ा। रजिस्ट्री आफिस में भी कर्मचारी शत प्रतिशन अनुपस्थित रहे, जिन्हें अधिकारियों का समर्थन था। ऐसे में सोमवार को एक भी रजिस्ट्री नहीं हो सकी।

मुख्यालय में औसतन 40 से 50 रजिस्ट्री प्रतिदिन होती है, जो पूरी तरह ठप रही, जिससे शासन को लाखों रूपए के राजस्व का नुकसान हुआ। कलेक्टोरेट परिसर स्थित खाद्य व खनिज आफिस सहित कलेक्टर व एडीएम कार्यालय में पदस्थ कर्मचारी भी पूरी तरह अवकाश पर रहे। इसी तरह नई व पुरानी कंपोजिट बिल्डिंग में कृषि, आबकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग, लोक निर्माण विभाग, शिक्षा विभाग, श्रम विभाग, उद्योग विभाग, जिला योजना एवं सांख्यिकीय विभाग सहित यहां संचालित सारे विभागों में भी पूरी तरह सूनापन रहा। यहां आने वाले लोगों को बगैर कामकाज के ही वापस लौटना पड़ा। विभागों में तालेबंदी का यह सिलसिला अभी दो दिनों तक और चलेगा, जिससे लोगों के कामकाज अब नए साल में ही पूरे हो पाएंगे।



नेहरू चौक पर धरने को संबोधित करते कर्मचारी नेता।

## फेडरेशन ने किया शासन का ध्यान आकर्षण

फेडरेशन के प्रांतीय निकाय के आह्वान पर तीन दिवसीय निश्चित कालीन बंद हड़ताल के प्रथम दिवस 29 दिसंबर को जिला फेडरेशन ने धरना प्रदर्शन कर नेहरू चौक पर मांगों में मोदी की गारंटी को लेकर शासन का ध्यान आकर्षण किया। संभाग प्रभारी जीआर चंद्रा, जिला संयोजक डॉ बी पी सोनी एवं महासचिव किशोर शर्मा ने बताया कि जन घोषणा पत्र में शासन द्वारा मांगों के सकारात्मक निर्णय नहीं लिए जाने से आक्रोशित अधिकारी एवं कर्मचारियों को फेडरेशन के पदाधिकारी पीआर यादव, जीआर चंद्रा, रोहित तिवारी, राजेंद्र दवे, अजीत नाविक, प्रदीप पांडे, संतोष तिवारी, नागेन्द्र शर्मा, भूपेंद्र बनाकर, केदारनाथ तिवारी आदि ने संबोधित किया। उन्होंने पूरी एक जुटता के साथ आंदोलन में भाग लेकर कर्मचारियों अधिकारियों को शासन को विवश करने के लिए आह्वान किया

**मरीजों का बना सहारा**



## सिम्स में हड़ताल का असर नहीं

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन द्वारा 3 दिवसीय काम बंद-कलम बंद आंदोलन पर है। इस दौरान छत्तीसगढ़ आयुर्विज्ञान संस्थान में चिकित्सा सेवाएँ पूरी तरह सुचारू, व्यवस्थित रहीं। सिम्स प्रशासन के कड़े प्रबंधन और विभागीय समन्वय के चलते किसी भी मरीज को इलाज से वंचित नहीं किया गया है। जांच या देखभाल में आंशिक प्रभाव भले दिखा, लेकिन समय पर मरीजों को इलाज मिला। इस दौरान ओपीडी में 2000 से अधिक मरीज और 120 मरीज सिम्स में भर्ती भी हुए हैं।

सोमवार का दिन होने के कारण इस दौरान सिम्स की ओपीडी में 2000 से अधिक मरीज पहुंचें। वहीं आईपीडी में 120 भर्ती मरीजों को चिकित्सकीय देखभाल ले लिए भर्ती किया गया। इस दौरान बैठक में सिम्स नोडल अधिकारी डॉ. भूपेंद्र कश्यप, एनेस्थीसिया विभागाध्यक्ष डॉ. मधुमिता मूर्ति, रेडियोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ. अर्चना सिंह, मेडिसिन विभागाध्यक्ष डॉ. अमित ठाकुर, सर्जरी विभागाध्यक्ष डॉ. ओपी राज सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। वैकल्पिक एवं सतत कार्य योजनाएँ प्रस्तुत की गई, जिससे अस्पताल की कार्यप्रणाली पर आंशिक प्रभाव पड़ा सुपर स्पेशलिस्ट हॉस्पिटल से स्टाफ बुलाकर कार्य लिया गया।

### इलाज हमारी प्राथमिकता

सिम्स चिकित्सा संस्थान है। किसी भी परिस्थिति में मरीजों के इलाज से समझौता नहीं किया जा सकता है। मरीजों की सुरक्षा, सुविधा और समयबद्ध उपचार हमारी सर्वोच्च जिम्मेदारी है।"

-डॉ. रमणेश मूर्ति, डीन, सिम्स मेडिकल कालेज

### की जा रही निगरानी

डॉक्टरों, नर्सिंग स्टाफ, पैरामेडिकल कर्मियों एवं प्रशासनिक टीम के समन्वय से सभी आवश्यक सेवाएँ निर्बाध रूप से संचालित की जा रही हैं। अस्पताल प्रशासन हर स्तर पर स्थिति की निगरानी कर रहा है।

-डॉ लखन सिंह, अधीक्षक, सिम्स

## आरा मिल को वन विभाग ने किया सील



**बिलासपुर।** वन विभाग बिलासपुर की टीम ने छापामार कार्रवाई करते हुए शनिचरी बाजार में अवैध रूप से संचालित हो रहे गुरुनानक सॉ आरा मिल को सील कर दिया है। आरा मिल को सील करने के साथ मौके से टीम ने लकड़ी सहित अन्य सारे उपकरण व मशीनों को जब्त करने के बाद वन अधिनियम के तहत कार्रवाई शुरू कर दी है।

बिलासपुर शहर में उसलापुर, मंगला चौक के अलावा शनिचरी बाजार में आरामिल का संचालन किया जा रहा है, जहां कई संचालकों ने विभाग से अनुमति ली हुई है, लेकिन कई संचालक बिना अनुमति के भी संचालन कर रहे हैं, जिसकी वजह से विभाग को लाखों का नुकसान उठाना पड़ रहा है। ऐसे आरामिल संचालकों के खिलाफ वन विभाग की टीम लगातार कार्रवाई भी कर रही है। इसी तरह की सूचना बिलासपुर वन विभाग के वन मंडलाधिकारी नीरज कुमार को मिली कि शनिचरी बाजार मछली मार्केट के पास गुरुनानक सॉ आरामिल का अवैध रूप से संचालन किया जा रहा है, जिसकी मालिक आदर्श कालोनी निवासी नरिंदर कौर है। सूचना मिलते ही अधिकारियों के निर्देश पर और बिलासपुर वन मंडल के रेंजर शुभम मिश्रा के नेतृत्व में उड़नदस्ता की टीम, परिक्षेत्र सहायक अधिकारी मुकेश साहू, कलेश पाल सहित अन्य स्टाफ तत्काल गुरुनानक सॉ आरामिल पहुंचे। आरामिल पहुंचकर वन विभाग की टीम ने वैध दस्तावेज की मांग की, जिसके नहीं दिखाने के बाद टीम ने मिल से 27 नग गोला, 42 नग टर्मिनेलिया अर्जुना कौहा चिरान, मशीनें व अन्य उपकरणों को जब्त करते हुए मिल को सील कर दिया है। विभाग की ओर से आरामिल के संचालक के खिलाफ वन अधिनियम के तहत कार्रवाई की जा रही है।

### लोको पायलेटों को चालक पत्र जारी

**बिलासपुर।** लालखदान हादसे के बाद रेल प्रशासन काफी मुस्तैद हो गया है। रेलवे के अधिकारी अब लोको पायलटों को ट्रेनों को कंट्रोल करने की विशेष ट्रेनिंग दे रहे हैं, जिसके लिए विशेष रूप से एक चालक पत्र जारी किया गया है। एसईसीआर के तीनों डिवीजन में अधोसरंचना के नाम पर लाइन की बढ़ोत्तरी के साथ मैन्युअल के स्थान पर अब आटो सिग्नलिंग में ट्रेनों का परिचालन किया जा रहा है। नई तकनीक लागू करने के कारण चालकों को ट्रेन परिचालन में काफी परेशानी हो रही है। बिलासपुर के साथ नागपुर और रायपुर डिवीजन में पुराने चालक और सहायक चालकों को आटो सिग्नलिंग में ट्रेन चलाने की विशेष ट्रेनिंग भी दी जा रही है, जिसके बावजूद ट्रेनों की दुर्घटना में कमी नहीं हो रही है। सीनियर डीसीएम, रेल मंडल बिलासपुर के अनुराग कुमार सिंह ने बताया किट्रेन का परिचालन करने वाले चालक व परिचालकों के लिए चालक पत्र जारी किया गया है, जिसमें ट्रेन चलाने की जानकारी शामिल है।

## कोयला लोडेड मालगाड़ी के वैगन में मिली लाश

**बिलासपुर।** कोयला लोडेड मालगाड़ी के वैगन में एक व्यक्ति की लाश मिली, जिसके कारण रेलवे स्टेशन में हड़कंप मच गया। सूचना पर आरपीएफ की टीम ने मौके पर पहुंचने के बाद सूचना लोकल पुलिस को दी।

सूचना मिलते ही पुलिस ने स्टेशन पहुंचकर लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मर्ग कायम कर लिया है। रेलवे से मिली जानकारी के अनुसार बिलासपुर डिवीजन के आरपीएफ को सूचना मिली कि मालगाड़ी एन बाक्स जीटीपीएस के वैगन में एक व्यक्ति की लाश पड़ी हुई है। सूचना मिलते ही आरपीएफ की टीम तत्काल मौके पर पहुंची, जहां स्टेशन से बाहर



खड़ी कोयला लोडेड मालगाड़ी के वैगन के ऊपर लाश को देखकर आरपीएफ ने लोकल पुलिस को सूचित

किया। सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मृतक का पंचनामा और उसकी जांच की, जिसमें मृतक बनगवां राजनगर जिला अनूपपुर मध्यप्रदेश निवासी सूरज खैरवार पिता राजकुमार खैरवार 28 साल की जानकारी मिली। उसके शरीर में कहीं भी चोट के निशान नहीं थे। इसकी सूचना तत्काल परिजन को दी गई। परिजन से पूछताछ में जानकारी मिली कि मृतक की मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी और वह हमेशा शराब के नशे में घूमता रहता था। पुलिस ने पूछताछ के बाद मृतक का शव पोस्टमार्टम के लिए भेजने के बाद मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

## अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी देकर युवती से साढ़े तीन लाख की उगाही

**बिलासपुर।** फेसबुक में दोस्ती करने के बाद अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी देकर युवती से 3 लाख 61 हजार रुपए की उगाही कर ली गई थी। पुलिस ने फरार आरोपी को दिल्ली गुड़गांव से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

हिर्री पुलिस के अनुसार, वर्ष 2024 में क्षेत्र की रहने वाली एक 22 वर्षीय युवती की फेसबुक के माध्यम से एक युवक से दोस्ती हुई। वह अपने आपको डाक्टर बताते हुए मोबाइल में बातचीत करने लगा। इसी दौरान युवक ने शादी करने की बात कही। युवती भी शादी करने को तैयार हो गई। मोबाइल में बातचीत के दौरान युवक ने बहला फुसलाकर युवती से अश्लील फोटो मंगा लिया। उसके बाद उक्त फोटो सोशल मीडिया में वायरल करने की धमकी देते हुए 3 लाख 61 हजार रुपए की उगाही कर ली। उसके बाद भी लगातार पैसे की मांग करने लगा। पुलिस ने युवती की रिपोर्ट पर मोबाइलधारक के खिलाफ धोखाधड़ी का जुर्म दर्ज कर लिया था। साइबर सेल तकनीकी साक्ष्य एकत्रित कर हिर्री पुलिस ने दिल्ली गुड़गांव में दबिश देकर राव काम्प्लेक्स मकान नम्बर 239 निवासी योगेन्द्र उर्फ अमन चतुर्वेदी पिता ओमप्रकाश को गिरफ्तार कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

■ दिल्ली से आरोपी गिरफ्तार

## नो मेपिंग चलते मतदाता सूची से नाम कटने वाले 1 लाख 26 सौ को नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

निर्वाचक नामावली के गहन पुनरीक्षण एसआईआर में जिले के 1 लाख 26 सौ 27 मतदाता नो मेपिंग श्रेणी में आने के कारण उनका नाम मतदाता सूची से कट गया है। नो मेपिंग वाले इन मतदाताओं का 2003 के मतदाता सूची में न नाम मिला और न ही वे निर्वाचन आयोग द्वारा तय किए गए आवश्यक दस्तावेज जमा कर पाए हैं। इसलिए नो मेपिंग वाले इन लोगों को नोटिस जारी किया जाएगा और आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत कर दावा आपत्ति तिथि के पहले नाम जोड़वाने अवसर दिया जाएगा।

एसआईआर तहत नो मेपिंग श्रेणी में आने के कारण जिन 1 लाख 26 सौ 27 मतदाताओं का नाम मतदाता सूची से कट गया है, उन्हें अब एआरओ द्वारा नोटिस जारी किया जाएगा और संबंधित बीएलओ उन लोगों तक नोटिस पहुंचाएंगे। इससे वे लोग आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत कर अपना नाम जोड़वा सकेंगे, क्योंकि 2003 के मतदाता सूची की जानकारी देने और आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत नहीं करने के कारण ही इनका काटा गया है। एसआईआर के दौरान मतदाताओं को बीएलओ द्वारा जो गणना फार्म भरने के लिए बांटा गया था, उसमें मतदाताओं को एक कॉलम में वर्ष 2003 के मतदाता सूची में अपना नाम देखकर जानकारी देना था, साथ ही माता-पिता की जानकारी भी गणना फार्म में देना था। 2003 के मतदाता सूची में मतदाता क्रमांक भाग संख्या विधानसभा क्रमांक आदि भरना था। बहुत से मतदाताओं का नाम 2003 की सूची में नहीं मिला या फिर वे उस कॉलम की जानकारी को नहीं भरे। उक्त जानकारी नहीं होने पर उन्हें निर्वाचन आयोग की ओर से तय किए गए 13 दस्तावेजों में कोई भी आवश्यक दस्तावेज फार्म के साथ जमा करना था।

■ नाम जोड़वाने दिया जाएगा अवसर

### नाम जोड़वा सकते हैं मतदाता

एसआईआर दौरान नो मेपिंग वाले लगभग 1 लाख 26 सौ मतदाताओं के नाम कटे हैं। इनके द्वारा गणना फार्म में 2003 के मतदाता सूची की जानकारी नहीं दी गई और न ही आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत किए गए हैं। इसलिए नो मेपिंग वाले मतदाताओं को नोटिस जारी किया जा रहा है ताकि वे आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत कर अपना नाम जोड़वा सकते हैं।

-एस बनर्जी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

07752-401052, 8770748558
9754160620, 9691735152

